# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025







# नेशनल हाईवे पर आ धमका 17 हाथियों का झुंड

कटघोरा वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। जिसके कारण वन विभाग के साथ ही ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जंगली हाथियों का दल एक बार फिर से जंगल से निकलकर कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच गया। करीब 17 हाथी केंदई रेंज के ग्राम बंजारी के पास पहुंच गए। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब आवागमन बाधित रहा। कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के ग्राम बंजारी के पास 17 हाथियों का दल सुबह कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग में आ धमका।

## वाहनों की लगी कतार, गांव के आसपास पूरे दिन मंडराता रहा





**कोरबा।** इस दौरान मार्ग बाधित रहा। हाथियों का दल गांव के आसपास पूरे दिन मंडराता रहा। देर रात तक खदेड़ने का प्रयास जारी रहा। हाथियों का दल टुकड़ियों में बंटा है। गुरुवार को हाथियों का दल सड़क में पहुंच गया। इसकी सूचना मिलते ही वन अमले की टीम पहुंच गई। 17 हाथियों के दल हाईवे मार्ग से गुजरते हुए देखने लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। कटघोरा वन मंडल के डीएफओ ने बताया कि हाथियों के दल पर निगरानी रखी जा रहा है। आवासीय क्षेत्र के आसपास दल के होने से लोगों में भय का वातावरण देखा जा रहा है। इन दिनों खेतों फसल की कटाई होने से दल को रहवासी क्षेत्रों में विचरण करते हुए देखा जा रहा है। हाथियों के दल को खदेड़े जाने के बाद परला के पास देखा गया। 17 हाथियों के दल में नन्हे हाथी भी शामिल हैं। अधिकारियों की मानें तो विचरण क्षेत्र वाले गांवों में लगातार मुनादी कराई जा रही हैं। नन्हे हाथियों के साथ होने की वजह से दल अधिक संवेदनशील होने के साथ आक्रामक हैं। ग्रामीणों को सलाह दी जा रही है कि वे दल के निकट न जाएं।

## खबर संक्षेप

### विवाद पर कोटवार की डंडे से पीटकर हत्या



**बोड़ला।** जिले के बोड़ला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भीरा के आश्रित ग्राम मांदीभाटा में बीते बुधवार की रात आपसी विवाद के बीच कोटवार की हत्या कर दी गई। बुधवार की देरशाम ग्राम कोटवार नरेंद्र मानिकपुरी पिता भगवानी मानिकपुरी आयु 25 वर्ष निवासी मांडीभाटा गांव के अन्य व्यक्ति चैन सिंह पिता चतुर सिंह आयु 45 वर्ष के साथ शराब दुकान गया था। जहां दोनों ने मिलकर जमकर शराब का सेवन किया। बताया जाता है कि इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ा की लड़ाई झगड़े का रूप ले लिया। इसी दौरान चैन सिंह ने पास में रखे डंडे से कोटवार पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने झगड़ा छुड़वाया और घायल कोटवार को बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने कोटवार को मृत घोषित कर दिया। रात में ही आरोपी चैनसिंह को उसके ठिकाने से दबोच लिया गया।

### हत्या का आरोपी पेशी के दौरान न्यायालय से फरार

**बालोद।** हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में पेशी के लिए लाए गए आरोपी ने बुधवार को शाम हथकड़ी निकालकर भागने की कोशिश की, जिसमें वह काफी हद तक सफल भी हो गया, लेकिन दो किलोमीटर दूर उसे पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की। बुधवार को पुलिस टीम ने गुरुर ब्लाक मे ग्राम कंकालिन में हुई एक हत्या के आरोप में बालोद जेल में बंद कैदी प्रवीण कुमार को पेशी के लिए लेकर पहुंचा थी। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मौका मिलते ही आरोपी प्रवीण कोर्ट के पीछे से भाग निकला, जहां वह कन्या कॉलेज के पास रेत में छिपते पकड़ा गया।

### फेंक अकाउंट बना ठगी दिल्ली से तीन गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया में फेंक एकाउंट बनाकर युवती से दोस्ती करने एवं विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी मुद्रा भेजने के नाम से भारतीय महिलाओं से ठगी करने वाले नाईजीरियन एवं दक्षिण अफ्रीका मूल के अंतर्राष्ट्रीय सायबर ठगों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 5 मई को प्रार्थिया के स्नैप चैट एकाउंट में आरोपियों द्वारा संपर्क कर फर्जी तरीके से दोस्ती कर स्वयं को विदेशी नागरिक बताकर विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी रकम (पाउंड) भेजने का झांसा देकर उक्त पार्सल को एयरपोर्ट में कस्टम वालों ने पकड़ा है, उसे छुड़वाने के एवज में पैसे की मांग कर 1,23,700 रुपए की ठगी की गई थी। विवेचना के बाद मोबाइल नंबर धारक द्वारा अपना नाम स्टीफन उर्फ लक्की, डेडन जो पिता गुइताया 30 वर्ष वर्तमान पता जनकपुरी नई दिल्ली, स्थायी पता मकान संख्या 142 अमिनबो देश-आइवरी कोस्ट (दक्षिण अफ्रीका) होना बताया। मौके पर मेमोरंडम कथन के आधार पर आरोपी स्टीफन से घटना में प्रयुक्त 1 नग लैपटाप, 8 नग एंड्रायड मोबाइल सेट, 5 नग की-पेड मोबाइल व 5 नग एटीएम कार्ड जब्त किया गया।

## ड्रग रैकेट से जुड़े तस्करों के मोबाइल से मिले सौ नंबरों की पुलिस ने की पहचान

# एक करोड़ का ड्रग पकड़ाने के बाद युवाओं का मादक पदार्थ पीने-खींचने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व एक करोड़ रुपए के ड्रग पकड़े जाने का मामला सामने आने के बाद सोशल मीडिया में तीन अलग-अलग वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीन युवक ड्रग पार्टी करते दिख रहे हैं। एक वीडियों में टेबल पर बैठकर युवक प्लेट, मोबाइल पर ड्रग्स रखकर एटीएम कार्ड से पाउडर की लाइन बनाते, फिर रोल से नाक के सहारे ड्रग खींचते दिख रहे हैं।**

खास खबर

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि टेबल पर शराब की बोतल और मोबाइल रखा हुआ है। दो युवक आपस में बात कर रहे हैं। एक युवक प्लेट में प्लास्टिक कार्ड के सहारे सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए की लाइन बनाते दिख रहा है। दूसरे वीडियो में युवक कार के अंदर बैठे-बैठे अपने मोबाइल पर एमडीएमए की 6 लाइन बनाकर रोल पेपर के सहारे उसे खींच रहा है। चर्चा है कि यह वीडियो भाठागांव के एक निजी फॉर्म हाउस में ड्रग ले रहे लड़कों ने अपने साथियों से बनवाया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के मुताबिक ड्रग लेने वाले लड़कों की शिनाख्ती कर ली गई है। एसएसपी ने लड़कों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही। पाकिस्तान से तस्करी कर लाए गए एक करोड़ के ड्रग जब्ती के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। ड्रग तस्करों से जुड़े स्थानीय नेटवर्क के मोबाइल से अब तक तीन सौ से ज्यादा लोगों के नाम पुलिस को मिले हैं। तस्करों से जिन लोगों के मोबाइल नंबर मिले हैं, उनमें से सौ के करीब लोगों की पुलिस ने पहचान कर ली है।

### एनडीपीएस में साढ़े पांच सौ गिरफ्तार

राजधानी पुलिस जनवरी से लेकर अब तक प्रतिबंधित मादक पदार्थों का कारोबार करने वाले 550 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये आरोपी रायपुर में गांजा, एमडीएमए, एलएसडी, ओजी (विदेशी गांजा) हेरोइन, नशे की गोलियां, अफीम, कफ सीरप को बेचते और उसे लाते हुए पकड़े गए। इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये आरोपी ओडिशा से गांजा और महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब-हरियाणा से ड्रग्स लाते और उनको रायपुर समेत कई जिलों में बेचते हैं।



### संलिप्त होने के प्रमाण मिलने पर होगी कार्रवाई

ड्रग मामले में जिन लोगों की पुलिस ने पहचान की है, एसएसपी ने उन लोगों को बुलाकर पूछताछ करने की बात कही। पूछताछ में जिन लोगों के ड्रग के अवैध कारोबार में संलिप्त होने के प्रमाण मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रग छुड़ाने पुलिस करेगी मदद

एसएसपी के अनुसार जिन लोगों के नाम मिले हैं, उनमें से जो ड्रग एडिक्ट हो गए हैं, उनके खिलाफ पुलिस किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करेगी। पुलिस ऐसे ड्रग एडिक्ट युवक के परिजनों को विश्वास में लेकर नशा छुड़ाने नशा मुक्ति केंद्र भेजेगी। इसके साथ ही एसएसपी ने ऐसे लड़के जो ड्रग लेने के आदी हो गए हैं, उनसे सामने आने की अपील करते हुए उनका नशा छुड़ाने हरसंभव मदद करने का अश्वासन दिया है।

### सौ से ज्यादा प्रकरण दर्ज

बीएनएस कानून लागू होने के बाद एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में तेजी आ गई है। जनवरी से लेकर अब तक राजधानी सहित जिले के अलग-अलग थानों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के सौ से ज्यादा प्रकरण दर्ज किए हैं।

## बंसीताल स्कूल का मामला

# नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के मरवाही विकासखंड अंतर्गत बंसीताल स्कूल में नाबालिग आदिवासी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और बेडटच का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस मामले में आरोपी शिक्षक विजय राय को कलेक्टर लीना कमलेश मण्डावी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



दरअसल जिले के बंशीताल में पदस्थ शिक्षक विजय राय पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगा है। जिस सम्बन्ध में छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने थाना मरवाही में निष्पक्ष जांच हेतु आवेदन दिया है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने थाने में अपराध दर्ज होने पर व्याख्याता विजय कुमार राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वंशीताल विकासखण्ड मरवाही में पदस्थ व्याख्याता विजय कुमार राय के विरूद्ध थाना मरवाही में पॉक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज होने के फलस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। व्याख्याता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## डीवीसी मेंबर पकड़ाया

# बड़ी वारदात के मंसूबे से आए नक्सलियों के साथ मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बुधवार देर शाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे कांकेर-बस्तर के बॉर्डर पर स्थित मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्सेखुर्द के जंगल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में दस्तक दिए हुए नक्सली दस्ता के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी डीआरजी टीम के साथ हुए मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की आशंका के बीच हार्डकोर नक्सली कमांडर श्रीकांत पूनेम को जंगल से 9 एमएम पिस्टल के साथ जिंदा पकड़ने में सुरक्षा बल के जवानों को सफलता मिली है। किसी घातक रणनीति को अंजाम देने नक्सली लंबे अंतराल के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जंगल में पनाह लिए हुए थे। इधर यह घटना उस समय हुई है, जब चार दिनों के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा का इस जिले में दौरा कार्यक्रम है।

आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह ने खुलासा करते बताया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा कांकेर-बस्तर बॉर्डर पर नक्सलियों के पहुंचने की गुप्त सूचना पुलिस विभाग को मिली। नक्सली अभियान के लिए संयुक्त पार्टी नक्सल ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। बुधवार शाम 4 से 5 बजे के बीच डीआरजी की टीम खुर्सेकला होते हुए खुर्सेखुर्द की ओर बढ़ रहे थे, तभी जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बल के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। जिसके बाद नक्सली जंगल से भाग खड़े हुए। फोर्स की घेराबंदी में नक्सलियों का डीवीसी श्रीकांत पूनेम को 9 एमएम के पिस्टल के साथ फोर्स ने जिंदा पकड़ लिया। घटनास्थल पर खून के धब्बे पाए गए हैं। साथ ही मुठभेड़ स्थल पर नक्सली सामग्री मिली है।



### नक्सली संगठन में 2010 से जुड़ा

हिरासत में लिए गए नक्सली कमांडर की पहचान श्रीकांत पूनेम उर्फ सुकनाम पूनेम 32 वर्ष निवासी ग्राम सावनार थाना गंगलूर जिला बीजापुर के रूप में पहचान हुई है। उक्त नक्सली प्रतिबंधित माओवादी संगठन डीवीसी मेम्बर एवं वर्तमान में औंधी-मोहला संयुक्त एरिया कमेटी का कमांडर होना स्वीकार किया। घटना थाना मदनवाडा क्षेत्र का होने से मदनवाड़ा में नक्सलियों के विरूद्ध 109 (1) भारतीय न्याय संहिता 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 की धारा 10, 13, 38(2) 39(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नक्सली कमांडर श्रीकांत पूनेम उर्फ सुखनाम पूनेम को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल मय मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस सहित एक स्मार्टफोन, एक पावर बैंक, 09 एमएम के 2 खाली खोखे एवं एके-47 के 3 खाली खोखे, नगदी रकम 11080 रुपए, 1 प्लास्टिक थैला, जिसमें नक्सली सामग्री बरामद किया गया।

### घातक रणनीति में नक्सली

प्रेसवार्ता में एसपी वाईपी सिंह ने बताया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर और महाराष्ट्र में नक्सली संगठन के खिलाफ फोर्स के कारगार ऑपरेशन से माओवादियों की कमर टूट गई है। किसी तरह बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में नक्सली संगठन रणनीति बनाए हुए हैं, जिन्हें मुंहतोड़ जवाब देने नक्सल अभियान के साथ जिला पुलिस बल सतर्क है।

## स्कूली छात्रा पर कुत्तों ने किया हमला, गंभीर

**नगरी।** जिले के अंतिम छोर के ग्राम मैनपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कक्षा 4 थीं में पढ़ने वाली 9 वर्षीय बच्ची आन्या नेताम स्कूल से लौटने के बाद बाड़ी में खेल रही थी। इसी दौरान पांच आवारा कुत्तों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हो गई। करीब 25 टांके उसके शरीर पर लगे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर की है। आन्या स्कूल से पढ़ाई कर लौटने के बाद घर के पीछे खेल रही थी। उसी दौरान अचानक गांव के करीब घूम रहे पांच कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसके सिर, हाथ, पीठ और पैरों को नोच डाला, जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर पास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और आन्या को कुत्तों से किसी तरह छुड़ाया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोराई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नगरी मुख्यालय रेफर कर दिया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए धमतरी रेफर किया गया।

# उपमुख्यमंत्री को आत्मसमर्पित नक्सली और दंतेश्वरी फाइटर्स की कमांडो बांधेंगी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देने वाला आयोजन रक्षाबंधन के दिन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा इस दिन दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों के दौरे पर रहेंगे, जहां आत्मसमर्पण कर चुकी नक्सली महिलाएं और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो उन्हें राखी बांधेंगी। दंतेवाड़ा जिले में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री उन आत्मसमर्पित नक्सली महिलाओं से मुलाकात करेंगे जो अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कार्य कर रही हैं। दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दे रही हैं। इसके पश्चात वे सुकमा जिले के पुनर्वास केंद्र का भ्रमण करेंगे, जहां आत्मसमर्पित नक्सली महिलाएं राखी बांधेंगी। यह आयोजन



राज्य सरकार की पुनर्वास नीति की दिशा में एक संवेदनशील पहल है, जिसके माध्यम से नक्सलवाद छोड़ चुकी महिलाओं को समाज में पुनः सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा रहा है।सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित जिलों में पुनर्वास नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को न केवल सुरक्षा प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक पुनःस्थापना का अवसर भी दिया जा रहा है। रक्षाबंधन पर यह आयोजन इसी प्रक्रिया की एक अभिव्यक्ति है।

### समर्पण करने वालों को दे रहे हरसंभव सहायता

उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि शासन की मंशा है कि जो लोग हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज में लौटना चाहते हैं, उन्हें हरसंभव सहायता और मार्गदर्शन दिया जाए। रक्षाबंधन जैसे सामाजिक पर्वों के माध्यम से यह संदेश भी देना आवश्यक है कि शासन और प्रशासन ऐसे लोगों को स्वीकार करता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ें, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं इन क्षेत्रों तक पहुंचे और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। रक्षाबंधन का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास के सेतु को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## दो सप्ताह में राज्य शासन प्रस्तुत करेगी जवाब

# पश्चिम बंगाल के मजदूरों को बांग्लादेशी कहकर गिरफ्तारी मामले में हाईकोर्ट ने शासन से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पश्चिम बंगाल के 12 मजदूर जिन्हें कोंडागांव पुलिस ने बांग्लादेशी कहकर गिरफ्तार किया था और बाद में भारतीय नागरिक होने के कारण छोड़ दिया था, उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ शासन को नोटिस जारी किया है। इस मामले में राज्य शासन दो सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करेगा। याचिका में 12 मजदूरों के खिलाफ की गई धारा 128 की कार्रवाई को रद्द करने और 100000 रुपए मुआवजे की मांग के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रतापूर्वक रोजगार करने के लिए सुरक्षा की मांग की



गई है। पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर और मुर्शिदाबाद क्षेत्र के निवासी महबूब शेख और 11 अन्य लोगों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका लगाकर उनके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 128 के तहत की गई कार्रवाई को रद्द करने की मांग की है। याचिका में पुलिस हिरासत में उनके साथ की गई मारपीट दुर्व्यवहार आदि के बदले में एक लाख रुपए प्रति व्यक्ति मुआवजा देने की भी मांग की गई है, साथ ही साथ यह मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अगर वह रोजगार के लिए मजदूर के रूप में आते हैं तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। आज हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने इस याचिका पर राज्य शासन से दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं और उसके पश्चात एक सप्ताह में याचिकाकर्ता की ओर से प्रतिउत्तर देने के निर्देश है जिसके बाद इस याचिका पर आगे सुनवाई की जाएगी।

### लग्जरी गाड़ियों से हाइवे जाम कर रील्स बनाने मामले में मांगा जांच का स्टेटस

लग्जरी गाड़ियों को हाईवे पर खड़े कर सड़क जाम करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से यह पूछा है कि पुलिस प्रशासन ने इस मामले के जांच में अब तक क्या-क्या किया है। इस सब बातों को लेकर शपथ पत्र पर जवाब देना होगा। मामले में अगली सुनवाई सितंबर माह में होगी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। उन्होंने हाइवे जाम करने वाली गाड़ियों को जब्त न करने और मामूली कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस खुद को असहाय साबित कर रही है।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई।

■ 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। दस्तावेजों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है। जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने के बाद 21 जुलाई को यह पद रिक्त हो गया था। धनखड़ का कार्यकाल अगस्त 2027 में समाप्त होना था।




# कागजों पर 74 हजार टन धान, उपार्जन केंद्रों से गायब, अब सोसाइटियों से रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में खरीदे गए धान में से 74 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान क्या गायब हो चुका है? यह सवाल उठने की वजह ये है कि मार्कफेड के रिकार्ड में यह धान उपार्जन केंद्रों में शेष दिख रहा है, लेकिन असलियत ये है कि उपार्जन केंद्रों में यह धान बकाया नहीं है, केवल आंकड़े शेष रह गए हैं। दूसरी ओर कलेक्टरों ने धान की रिकवरी के लिए सोसायटी प्रबंधकों को नोटिस जारी कर दिया है। शासन इस मामले को लेकर सख्त है।

### ये है मामला

दरअसल, राज्य सरकार ने पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी। समर्थन मूल्य और प्रोत्साहन राशि समेत इस धान की कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल अदा करनी पड़ी। सरकार ने सेंटल पूल और राज्य कोटे के लिए आवश्यक धान दे दिया। लेकिन इसके बाद भी सोसायटियों के खरीद केंद्रों यानि उपार्जन केंद्रों में शेष धान सरकारी रिकार्ड में 74 हजार 268 मीट्रिक टन से अधिक नजर आ रहा है।

### केवल 6 जिलों के खरीद केंद्रों से ही हुआ पूरा उठाव



### कहां गया धान, क्या हो गया है गायब

सरकारी रिकॉर्ड में आंकड़ों के रूप में मौजूद धान की मात्रा दरअसल उपार्जन केंद्रों में है ही नहीं। सवाल ये उठा कि ये धान कहां गया, क्या ये धान गायब हो चुका है। इस सवाल के जवाब में ये बात सामने आ रही है कि सोसायटियों में यह धान का शार्टेज है। कहा जा रहा है कि इसमें से ज्यादातर धान गरमी में सूख गया और उसका वजन कम हो गया या बारिश में भीगने से सड़कर नष्ट हो गया है।

### कलेक्टरों ने रिकवरी के लिए तेज की कोशिश

बताया गया है कि जिन सोसायटियों में धान का शार्टेज है, वहां प्रबंधकों को नोटिस भेज दिया गया है। उनसे कम हुए धान की मात्रा या उसके बराबर की कीमत देने कहा जा रहा है। यह नहीं करने पर एफआईआर की चेतावनी भी दी गई है। सूत्रों के अनुसार सोसायटी संचालक कम हुए धान की भरपाई अपनी जेब से कर रहे हैं। रायपुर जिले में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केवल 6 जिलों से उठा पूरा धान

*इस पूरे मामले में खास बात ये है कि राज्य के 33 जिलों में से केवल 6 जिलों में मार्कफेड के रिकॉर्ड के मुताबिक पूरा धान उठा लिया गया है। अन्य सभी जिलों में धान का उठाव बाकी है, लेकिन ये धान केवल आंकड़ों में ही है। जिन जिलों की सोसायटियों से पूरा धान उठा लिया गया है उनमें बस्तर, दंतेवाड़ा,जांजगीर चांपा, धमतरी, कोरिया और सरगुजा जिले शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### 2016 से लंबित भरी गईं 4.8 लाख रिक्तियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों में रिक्तियों का होना और उनका भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। 2016 से केंद्र सरकार की सेवाओं में लगभग 4.8 लाख लंबित रिक्तियों को भरा गया है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। रिक्तियां होना और भर्ती एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।




### ट्रक की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**कोल्लम।** केरल के कोट्टारकारा में ट्रक ने बस स्टॉप पर खड़ी दो महिलाओं को रौंद दिया। यह हादसा सुबह लगभग सात बजे हुआ। महिलाओं की उम्र क्रमशः 42 और 23 वर्ष थी और अस्पताल ले जाए जाते वक्त उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में एक अन्य व्यक्ति, 50 वर्षीय ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले तालुका अस्पताल ले जाया गया और फिर हालत गंभीर होने के कारण तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

### मुंबई में बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने मुंबई में छह दिन के बच्चे को बचाने के साथ एक बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और उसके माता-पिता सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बाल तस्करी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के आधार पर, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीस ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने बाल तस्करी के लिए 4.5 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा।



### ओडिशा के पूर्व मंत्री विभूति का निधन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री और राज्य विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष विभूति भूषण सिंह मर्दराज का निधन हो गया है। वह 70 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, पुत्र और पुत्री हैं। खंडापाड़ा के पूर्व राजपरिवार के सदस्य मर्दराज ने निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मर्दराज के निधन पर शोक व्यक्त किया। पूर्व मंत्री और ओडिशा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री विभूति भूषण सिंह मर्दराज के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है।

### अमेरिका के भारतीय आयातों पर घोषित शुरुआती 25 प्रतिशत शुल्क गुरुवार से लागू हो गए

# ट्रंप टैरिफ : आधा लागू-आधा बाकी, अमेरिका की मनमानी पर टकराव, मोदी बोले- समझौता नहीं, भले कीमत चुकानी पड़े

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ बुधवार आधी रात के बाद लागू हो गए। भारत पर 25 फीसदी टैरिफ प्रभावी हो गया है। अतिरिक्त शुल्क 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू होगा। कई देशों ने अमेरिका की इसे मनमानी बताया है। टैरिफ मुद्दों पर चीन समेत कई देशों ने भारत का साथ दिया है। इधर, एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं जानता हूं कि इस टैरिफ से व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं, किसानों के अहित नहीं होने दूंगा।

■ 7 अगस्त, रात 12 बजे से लागू हो गए ट्रंप के जवाबी शुल्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब उन देशों से अरबों डॉलर का शुल्क उनके देश में आना शुरू हो जाएगा, जिन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, आधी रात हो गई है! अरबों डॉलर के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रूस-भारत मिलकर बनाएंगे रणनीति

अमेरिका से मची तनातनी के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आ रहे हैं। गुरुवार को मॉस्को में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के हवाले से बताया गया कि राष्ट्रपति पुतिन इस साल के अंत में भारत का दौरा करेंगे। रूसी राष्ट्रपति के भारत दौरे की खबर ऐसे वक्त में आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद से नाराज होकर भारत पर टैरिफ 50% तक बढ़ा दिया है।



### इन पर लागू नहीं होगा शुल्क

दवा, ऊर्जा उत्पादों जैसा कच्चा तेल, परिष्कृत ईंधन, प्राकृतिक गैस, कोयला और बिजली महत्वपूर्ण खनिज और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा अर्धचालकों की एक विस्तृत श्रृंखला पर ये शुल्क लागू नहीं होंगे। इस कदम से अमेरिका को भारत के 86 अरब डॉलर के निर्यात पर गंभीर असर पड़ेगा।

### भारत को यहां होगा नुकसान

जिन क्षेत्रों को इन शुल्कों से नुकसान होगा, उनमें कपड़ा/ परिधान, रत्न और आभूषण, झींगा, चमड़ा और जूते, पशु उत्पाद, रसायन, और बिजली तथा यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं।

### चीन और तुर्की को राहत, भारत को दंड

अमेरिका ने रूसी तेल आयात को लेकर सिर्फ भारत पर 50फीसदी टैक्स लगाया है, जबकि चीन पर 30% और तुर्की पर सिर्फ 15% टैरिफ है, इस भेदभाव को लेकर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के फैसले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह दुखद है कि अमेरिका ने ऐसा कदम उठाया, जबकि कई अन्य देश भी राष्ट्रीय हित में वही कर रहे हैं जो भारत कर रहा है।

### चीन बोला- व्यापारिक उपायों का दुरुपयोग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश के बाद चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने इस कदम को व्यापारिक उपायों का दुरुपयोग करार देते हुए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन हमेशा से टैरिफ के दुरुपयोग का विरोध करता आया है और इस पर हमारा रुख स्पष्ट और स्थायी है। ये बयान तब आया है, जब राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर भारत से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान किया है।

## पीएम मोदी की दो टूक, किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं

### अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया संदेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को परोक्ष रूप से संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ, तो वह व्यक्तिगत रूप से इसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री का यह बयान आया है, जबकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता भारत के कृषि और डेयरी बाजार तक अधिक पहुंच की अमेरिका की मांग के बीच हो रहा है। अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ-साथ अपने डेयरी उत्पादों तक पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा है।



### भारी कीमत चुकाने को तैयार

प्रधानमंत्री न कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए वह कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। मोदी ने कहा, मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत आज मुछुआरों और पशु पालकों के लिए तैयार है। अमेरिका ने कच्चे तेल को लेकर रूस पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए भारत पर दबाव बनाने के मकसद से भारतीय वस्तुओं पर व्यापार शुल्क में और वृद्धि कर दी है।

### 10 माह के मासूम को ले जा रहा था अपहरणकर्ता

# बोरी में बंद था मासूम, बाहर दरिंदा, बच्चे की आवाज ने बिगाड़ दी साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जूट मिल थाना क्षेत्र के वार्ड 41 में देर रात ओडिशा का एक युवक घर में घुसकर 10 माह के मासूम बच्चे को बोरी में भरकर ले जा रहा था। इसी बीच बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन की नींद खुली तो उन्होंने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मासूम को 3 लाख रुपए बेचने वाला था, लेकिन वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जूट मिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्चा चोरी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिससे जिलेवासियों के रोंगटे खड़े हो गए हैं। इस घटना से जिला ही नहीं प्रदेशस्तर में भी हड़कंप मचा हुआ है। पालक अब अपने बच्चों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भीड़ को बताया अपना प्लान

*भीड़ ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह एक बच्चे को 3 लाख रुपए में बेचता है और इस मासूम को भी उसी दाम में ओडिशा के किसी कृष्णा नामक व्यक्ति को बेचने वाला था। जिससे तो लग रहा है कि यह किसी गिरोह का सक्रिय सदस्य है। हालांकि पुलिस का कहना है कि छत्तीसगढ़ सहित आसपास प्रांतों में बीते कई* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### की जा रही है कार्रवाई

*जूटमिल क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 में बच्चे को बोरी में भर ले जाने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उससे पूछताछ की आगे की कार्रवाई की जा रही है।*

*-आकाश मरकाम, एएसपी, रायगढ़*

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

# अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का बजट बढ़कर हुआ 75 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर- चांपा

अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक गुरुवार 7 अगस्त को जांजगीर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीएम ने अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने का फैसला लिया गया। साथ ही संत गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी के विकास के लिए 2 करोड़ का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### गिरौदपुरी के विकास के लिए 2 करोड़

गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी के विकास के लिए 2 करोड़ का प्रावधान किया गया। इसी तरह अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी की कोचिंग के लिए 50 लाख की मदद करने के साथ ही पायलेट बनने के लिए भी हर साल 5 युवाओं को प्राधिकरण की ओर से 15-15 ▶▶ शेष पेज 5 पर

# ...तो 100 पुल, पुलियों से हर आदिवासी गांव अब जुड़ सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय जनमन योजना (फेज-2, 2025-26) के तहत छत्तीसगढ़ को 375.71 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य में 2 हजार 449 किलोमीटर लंबी 715 सड़कों और 6 हजार 569 मीटर लंबे 100 पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ पीएम जनमन की जानकारी शिवराज ने दी सीएम साय को

### साय से शिवराज का अनुरोध

शिवराज सिंह चौहान ने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अनुरोध किया है कि कार्यों को तेजी से और गुणवत्ता का आप स्वयं विशेष ध्यान दें ताकि योजना को समय पर लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को गति दी जा सके।

### उत्तरकाशी में 274 लोगों का रेस्क्यू, 60 से अधिक अभी भी लापता

# भागो-भागो की आवाज सुनी, कुछ ही देर में सब कुछ तबाह

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

भीषण बाढ़ से तबाह हुए उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में जारी बचाव अभियान ने गुरुवार को मौसम सुधरने के साथ ही रफ्तार पकड़ी और जिले में विभिन्न जगहों पर फंसे हुए 270 से अधिक लोगों को वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 हेलीकॉप्टरों की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सेना ने कहा कि 50 से अधिक लोग और एक जूनियर कमीशन ऑफिसर समेत नौ सैन्यकर्मी अब भी लापता हैं। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों का मानना ▶▶ शेष पेज 5 पर



### कई राज्यों के तीर्थयात्रियों को बचाया गया

उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी लोग सुरक्षित हैं। सुमन ने बताया कि इन लोगों में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, असम, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आवाज सुनकर जागे और भागे

बचाए गए एक पर्यटक भूपेंद्र सिंह मेहता ने याद किया कि कैसे भीषण बाढ़ आंखों के सामने सबकुछ बहा ले गयी। उन्होंने कहा, जब बाढ़ आयी, तब हम सो रहे थे। लोगों की 'भागो-भागो' की आवाज सुनकर हम जागे। हमारे होमस्टे के चारों तरफ सब कुछ बह गया और मलबा दूसरी मंजिल पर हमारे कमरे की खिड़की तक आ गया। हम दूसरी मंजिल से कूद गए और रेंगते हुए एक पुल तक पहुंचकर खुद को बचाया। एक और पर्यटक चंदन ने कहा, हमने 15-20 जगहों पर लोगों को मलबे में दफन होते देखा।

# सड़क से फिसलकर नाले में गिरा वाहन तीन जवान शहीद

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को एक वाहन के सड़क से फिसल कर नाले में गिरने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जवानों की मौत पर दुख जताया और अधिकारियों को घायल जवानों को उत्कृष्ट उपचार मुहैया कराने और हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया।

■ हादसे में सीआरपीएफ के 15 जवान घायल

# उत्तराखंड में रेस्क्यू

तीर्थयात्रियों और लोगों को बचा रही सेना

छह हेलीकॉप्टर की मताली हेलीपैड से हर्षिल के लिए शुरू है शटल सेवा

हाल में बादल फटने से आई है बड़ी आपदा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के धराली गांव में आई आपदा के बाद तीर्थयात्रियों और लोगों को बचाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। धराली गांव में आई आपदा में लापता लोगों की संख्या को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ताजा जानकारी के मुताबिक आईटीबीपी बचाव दल द्वारा गंगोत्री से मुखवा तक 307 तीर्थयात्रियों को बचाया जा चुका है। आपदा के कारण धराली गांव में बिजली आपूर्ति ठप होने के साथ ही कनेक्टिविटी नहीं है। इस कारण संपर्क करने में दिक्कतें आ रही है। हर्षिल और नेताला की तरफ भी दोनों तरफ से मार्ग बाधित है जिसे खोलने के प्रयास जारी है। वायुसेना की मदद से पोकलैंड मशीनों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है। सीमा सड़क संगठन के जवान दिन-रात इन रास्तों को साफ करने में जुटे हैं।








### दो चिनूक तथा एमआई 17 हेलीकॉप्टर तैनात

*उत्तराखंड नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (युकाडा) के कुल छह हेलीकॉप्टर की मताली हेलीपैड से हर्षिल के लिए शटल सेवा शुरू कर दी गयी। जबकि जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर दो चिनूक तथा एमआई 17 हेलीकॉप्टर तैनात है। यदि मौसम उड़ान भरने के लिए अनुकूल रहा तो इनसे सेना तथा एनडीआरएफ के जवानों तथा उपकरणों को एयरलिफ्ट किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### आठवीं कक्षा के छात्र की पिटाई, थूक चटवाया

**गोरखपुर (उप्र)।** गोरखपुर के चिलुआताल इलाके में आठवीं कक्षा के एक छात्र को उसके सहपाठियों ने कथित तौर पर लोहे की रॉड पाइप से पीटा और थूक चाटने पर मजबूर किया। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि 26 जुलाई को हुई इस घटना का वीडियो बुधवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस के अनुसार, पीड़ित और आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। अपनी शिकायत में पीड़ित की मां ने दावा किया कि स्कूल के समय के बाद उसके 14 वर्षीय बेटे को खुटवा में एक सुनसान जगह पर ले जाया गया, जहां उस पर लोहे की से हमला किया गया और उसे अपमानित किया गया।

### खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट, दो की मौत, 14 घायल

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बृहस्पतिवार को बम विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों सहित 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस गश्ती वाहन के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और दो पुलिसकर्मियों समेत 14 अन्य घायल हो गए। ताहिर ने बताया कि विस्फोट और उसके बाद हुई गोलीबारी के बाद इलाके में सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। घायलों को वाना मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रंप को सीधा संदेश, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना रूस के लिए सर्वोपरि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

### एनएसए डोभाल से मिलते ही रूसी सुरक्षा प्रमुख ने कर दिया बड़ा ऐलान

रूस से व्यावसायिक संबंधों के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति भारत को बना रहे निशाना

रूस के सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी सर्गेई शोइगु ने गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की है। मॉस्को में हुई इस बैठक में शोइगु ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रूप से मजबूत करने पर जोर दिया है।

शोइगु ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना रूस के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने डोवाल के साथ मुलाकात के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी संदेश देने की कोशिश की है। पूर्व में रूस के रक्षा मंत्री रह चुके शोइगु ने डोभाल से बैठक के दौरान अमेरिका के मुकाबले में एक नई व्यवस्था तैयार करने का संकेत दिया। उन्होंने भारत के साथ अपने देश के मजबूत मैत्री संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि एक नई, निष्पक्ष और टिकाऊ विश्व व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने इशारे में दुनिया से अमेरिकी दादागीरी का तोड़ ढूंढ़ने के लिए कहा।

**फैसले की उम्मीद**

डोभाल मंगलवार को रूस पहुंचे हैं। उनका रूसी नेताओं के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। डोभाल का यह रूस दौरा पहले से तय था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ लगाने से इस पर दुनिया की नजर है। ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाए हैं। ऐसे में रूस और भारत की ओर से इसके जवाब में कोई फैसला लिए जाने की उम्मीद की जा रही है।

### पुतिन से मिले डोभाल, भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को मॉस्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई। रूसी सरकारी मीडिया स्पूतनिक ने एक वीडियो जारी किया जिसमें डोभाल ने भारत-रूस संबंधों को "बेहद खास" बताया और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है। तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं।' राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने सुबह यह जानकारी NSA अजीत डोभाल के हवाले से दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में ICC ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।



इंडिया ब्लॉक के नेताओं संग राहुल गांधी ने की 'डिनर पॉलिटिक्स'

# चुनावी धांधली के विरोध में 11 को चुनाव आयोग तक मार्च करेगा इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कथित 'इलेक्टोरल फ्रॉड' यानी चुनावी धांधली पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ चर्चा की। गांधी की प्रेजेंटेशन और आपसी चर्चा के बाद एक बड़ा फैसला लिया गया। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने 11 अगस्त को चुनाव आयोग (ईसीआई) तक मार्च निकालने का फैसला किया है। यह कदम चुनाव में कथित धांधली के आरोपों को लेकर एक संयुक्त विरोध प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। नेताओं ने एक-दूसरे के विचारों को सुना और इस मुद्दे पर मिलकर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। गांधी के निवास पर गुरुवार को डिनर मीटिंग आयोजित की गई। उन्होंने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को एक प्रेजेंटेशन दिखाया। इस बैठक का मकसद चुनाव में हुई कथित गड़बड़ियों पर एक साझा रणनीति बनाना है। गौरव गोगोई ने बताया कि राहुल ने सबूतों के साथ बताया कि वोटिंग में कैसे धांधली हो रही है।



### ये रहे बैठक में शामिल

गांधी के आवास पर आयोजित की गई इस डिनर मीटिंग में इंडिया ब्लॉक की करीब 25 पार्टियों के 50 नेता शामिल हुए। अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के तीनों मुख्यमंत्री- सुखविंदर सिंह सुक्खू, रेवंत रेड्डी और सिद्धारमैया भी मीटिंग में शामिल हुए। इसके अलावा, शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला, अभिषेक बनर्जी, उद्धव और आदित्य ठाकरे, अखिलेश और डिंपल यादव, तेजस्वी यादव, और महबूबा मुफ्ती जैसे प्रमुख नेता भी मीटिंग में शामिल होने के लिए आए। प्रियंका गांधी वाड्रा भी इस बैठक का हिस्सा हैं।

### दबाव बनाने की रणनीति पर चर्चा

*गोगोई ने बताया कि राहुल गांधी ने 'इलेक्टोरल फ्रॉड' के संबंध में सबूतों के साथ एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दी। उन्होंने दिखाया कि किस तरह से वोटिंग में धांधली की जा रही है। बैठक का माहौल बहुत ही पॉजिटिव था और सभी नेताओं ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया। इस प्रेजेंटेशन के बाद इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने सरकार पर सवाल खड़े किए और दबाव बनाने की रणनीति पर चर्चा की।*

### चुनाव आयोग के नोटिस पर तेजस्वी यादव का पलटवार

# 'जिसने दो वोटर आईडी जारी किए, वही सवाल कर रहा'

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो वोटर आईडी मामले में चुनाव आयोग द्वारा मिले नोटिस पर प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि जिसने दो वोटर आईडी (ईपीआईसी नंबर) जारी किए, वही हमसे सवाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। बल्कि अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से नोटिस दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता ने कहा कि वह इस नोटिस का अच्छा जवाब देंगे।



पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव गुरुवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग के नोटिस के सवाल पर कहा, 'दो ईपीआईसी नंबर जारी किया गया तो गलती किसकी है। मतलब गलती खुद करे और स्पष्टीकरण हमसे मांगे, यह आज तक हुआ है क्या।'

### थाईलैंड, कंबोडिया करेंगे संघर्षविराम निरीक्षक तैनात

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया ने संघर्षविराम की निगरानी के लिए अंतरिम पर्यवेक्षक दल गठित करने पर सहमति व्यक्त की। हालांकि, थाईलैंड द्वारा पकड़े गए 18 कंबोडियाई सैनिकों का मामला अब भी अनसुलझा है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया अहम आदेश

# 'दिव्यांगजनों के लिए भी फुटपाथ जरूरी, सरकार बनाए गाइड लाइन'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सभी नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चार हफ्तों के भीतर ऐसे दिशा-निर्देश बनाए, जो देशभर में सभी फुटपाथों को सुलभ और अतिक्रमणमुक्त बनाएं। यह आदेश डॉक्टर एस. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया, जिसमें उन्होंने भारत के फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानियों को उजागर किया था।



### तीन अहम मुद्दों पर गाइडलाइन बनाने को कहा

जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि अभी तक इस विषय पर कोई ठोस राष्ट्रीय दिशा-निर्देश नहीं हैं। इसलिए केंद्र सरकार को तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नियम बनाने होंगे। पहला, सभी नई और पुरानी सड़कों पर तकनीकी मानकों के साथ फुटपाथ की अनिवार्यता तय करना। दूसरा, डिजाइन ऐसा हो कि दिव्यांगजनों को कहीं भी दिक्कत न हो। तीसरा, अतिक्रमण को हटाने और रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना।

# ईडी को सुप्रीम फटकार- कानून के दायरे में रहना होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सख्त लहजे में याद दिलाया कि केंद्रीय एजेंसी को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि आप धूर्त की तरह काम नहीं कर सकते। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शीर्ष अदालत के जुलाई 2022 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस फैसले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि पुनर्विचार याचिकाएं विचारणीय नहीं हैं और इन्हें पहले के फैसले के खिलाफ महज छिपी हुई अपीलें बताया।

- कहा- 5 साल में दर्ज किए 5 हजार केस, 10% से भी कम निकले दोषी

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन: 0771-2546760, 9300323131

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अहलूवालिया हॉस्पिटल 81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 24, अंक : 23
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 23.1

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## रक्षाबंधन कल : भद्रा मुक्त बंधन...1930 के बाद सर्वार्थ सिद्धि, शोभन और सौभाग्य योग संग श्रवण नक्षत्र

**पूरे दिन बांध सकेंगे राखी, 95 वर्ष पहले बना था ऐसा संयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई सालों के बाद इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। बहनें पूरे दिन अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी। यही नहीं, इस बार कई दुर्लभ संयोग भी निर्मित हो रहे हैं, जो रक्षाबंधन को खास बना रहे हैं। साल 2025 में रक्षाबंधन के दिन नक्षत्र, वार, राखी बांधने का समय, पूर्णिमा तिथि का आरंभ और अंत लगभग 1930 के रक्षाबंधन के दिन की तरह ही है। 1930 में रक्षाबंधन 9 अगस्त को ही मनाया गया था और उस दिन भी शनिवार ही था। ठीक इसी तरह 2025 में ही 9 अगस्त को ही रक्षाबंधन है और इस साल भी रक्षाबंधन पर शनिवार ही है। 1930 में सावन पूर्णिमा और 2025 की सावन पूर्णिमा की शुरुआत का समय भी लगभग एक जैसा है। 1930 में भी सौभाग्य योग और श्रवण नक्षत्र था जो इस साल भी है। इसीलिए ज्योतिषाचार्य इसे बेहद दुर्लभ संयोग मान रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि और शोभन योग के अलावा इस दिन ग्रह-नक्षत्रों की विशेष स्थिति भी बनी रहेगी। दरअसल, राखी के पर्व पर न्याय के देवता शनि मीन और सूर्य कर्क राशि में रहेंगे। इसके अलावा मन के कारक चंद्रमा मकर में अपना स्थान लेंगे। वहीं ग्रहों के राजकुमार बुध कर्क व गुरु और शुक्र मिथुन में बने रहेंगे। यही नहीं छाया ग्रह राहु कुंभ और केतु सिंह में मौजूद होंगे।




- 1930 में भी दिन, मुहूर्त सहित योग-नक्षत्र की स्थिति थी लगभग समान
- ज्योतिषाचार्य ने रक्षाबंधन पर बताया बेहद दुर्लभ संयोग

### दोपहर 1.24 तक राखी बांधना अधिक फलदायी

रक्षाबंधन 2025 पर सौभाग्य, सर्वार्थ सिद्धि, बव और बालव नाम के शुभ संयोग भी विराजमान रहेंगे। इन शुभ योगों में राखी बांधने के साथ ही ईश्वर की पूजा और दान-पुण्य करना भी बेहद शुभ साबित होगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया भी नहीं है इसलिए राखी बांधने के लिए सारा दिन ही शुभ होगा। हालांकि सबसे शुभ समय की बाद की जाए तो 9 अगस्त को सुबह 5 बजकर 21 मिनट से 1 बजकर 24 मिनट तक का समय राखी बांधने के लिए बेहद शुभ फलदायी साबित होगा, हालांकि भद्रा का साया नहीं होने के कारण बहनें पूरे दिन अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी।


### आज दोपहर प्रारंभ होगी पूर्णिमा तिथि

8 अगस्त को दिन में 2 बजकर 13 मिनट से पूर्णिमा तिथि आरंभ हो जाएगी। अगले दिन यानी 9 अगस्त को दिन में 1 बजकर 25 मिनट तक पूर्णिमा तिथि रहेगी। लेकिन शास्त्रों का विधान है कि जिस तिथि में सूर्योदय होता है उसी तिथि का मान पूरे दिन रहता है। इस कारण उदया तिथि के आधार पर श्रावणी उपाकर्म और रक्षाबंधन का त्योहार 9 तारीख को मनाने की अनुशंसा पंचांग और ज्योतिषाचार्यों द्वारा की गई है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### कुबेरेश्वर धाम में घायल दो और ने तोड़ा दम, अब तक सात



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम में इस सप्ताह की शुरुआत में आरंभ हुए धार्मिक आयोजन में बृहस्पतिवार को दो और लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद इस समागम में मरने वालों की संख्या सात हो गई। जनसंपर्क अधिकारी देवेंद्र ओगारे ने बताया कि रुद्राक्ष वितरण और कांवड़ यात्रा में हिस्सा लेने आए दिल्ली के खेड़ा कला निवासी अनिल (40) और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी उपेंद्र गुप्ता (22) की दिन में मौत हो गई।

## कर्नाटक में एक लाख वोटर फर्जी, महाराष्ट्र में भी बड़ा फर्जीवाड़ा, आयोग ने मांगा शपथ के साथ 'सबूत'

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनावों, महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनावों में 'वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर धांधली' की गई। मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट न देना इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव 'चुराने' के लिए भाजपा से मिलीभगत की है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को 'गुमराह' करने वाला बताया है। आयोग ने कहा है कि वो अपनी शिकायत लिखित में कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दें।*



- लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटर लिस्ट में धांधली
- निर्वाचन आयोग ने राहुल के आरोप को बताया गुमराह करने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र का डेटा सामने रखते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में हेरफेर करके वोट चोरी का यह मॉडल कई निर्वाचन क्षेत्रों में लागू किया गया है ताकि भारतीय जनता पार्टी को फायदा मिल सके। उन्होंने यहां संवाददाताओं के समक्ष कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया। राहुल गांधी ने बताया कि 'चुनाव धांधली' के सबूत एकत्र करने में कुल छह महीने का समय लगा है।

उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य'

▶▶|शेष पेज 5 पर

### राहुल ने वोट चोरी के आंकड़े दिखाकर चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

#### चुनाव आयोग ने मांगा ब्योरा

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा। साथ ही, उन्होंने शपथपत्र भी मांगा। गांधी द्वारा मतदान में धोखाधड़ी का आरोप लगाने के तुरंत बाद उन्हें लिखे पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, आपने मतदाता सूची में अयोग्य मतदाताओं को शामिल करने और योग्य मतदाताओं को बाहर करने के बारे में उल्लेख किया था।




**इधर, भाजपा बोली-**

#### राहुल का आरोप एक सुनियोजित धोखा



भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत के लोकतंत्र तथा संविधान के खिलाफ एक बड़ी साजिश के तहत संवैधानिक संस्थाओं पर 'व्यवस्थित' हमला कर रही है। भाजपा की चुनावी जीत को 'धोखाधड़ी' बताकर देश के लोगों के 'विवेकपूर्ण निर्णय' का अपमान कर रहे हैं।

## कोर्ट ने कहा- न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे

- शीर्ष न्यायालय में याचिका खारिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाली इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दी, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में कदाचार का दोषी ठहराया गया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे है और उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। यह

▶▶|शेष पेज 5 पर

**क्या है मामला?**

जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी आवास में 14 मार्च की रात आग लग गई थी. इस घटना के समय जस्टिस यशवंत वर्मा घर में नहीं थे। उनके परिवार के सदस्यों ने आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड से मदद मांगी थी। दिल्ली फायर डिपार्टमेंट ने तत्काल एक टीम को जज के घर भेजा था। इसके बाद मीडिया में खबरें आईं कि जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में आग बुझाने के दौरान भारी मात्रा में कैश देखा गया।

**57 पृष्ठों के फैसले :** पीठ ने 57 पृष्ठों के फैसले में कहा कि राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में क्या है, यह तय करने की संसद की शक्ति, क्षमता और अधिकार क्षेत्र इस प्रक्रिया से 'अप्रभावित' रह गया है। इसमें कहा गया, इसलिए, यह तर्क देना गलत है कि यह प्रक्रिया किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए एक समानांतर और संविधानेतर तंत्र है।




आपके पर्सनल मैसेजेस सिर्फ़ आपके हैं।
उन्हें कोई और देख या सुन नहीं सकता, WhatsApp भी नहीं।

WhatsApp
from Meta

## चिंतन

# भारत को अमेरिकी दबाव में आने की जरूरत नहीं

भारत सरकार को अमेरिकी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। अमेरिका चाहे पचास फीसदी टैरिफ लगाए या सौ फीसदी, भारत को अमेरिका के अनुचित व अन्यायपूर्ण ट्रेड व्यवहार के आगे तनिक भी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का टैरिफ कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टरों का खुला उल्लंघन है। हां, जवाबी कार्रवाई में संयम जरूर बरतना चाहिए और उचित वक्त आने का इंतजार करना चाहिए। चूंकि भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को भारत आ रहा है, इसलिए तब तक जरूर इंतजार कर लेना चाहिए। हालांकि इस वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया नया टैरिफ ऐलान और नई-नई धमकियां भारत को मनमाफिक डील के लिए झुकाने की टैक्टिस है। भारत यह समझता है और भारत सरकार ने अमेरिका को कड़ा जवाब भी दिया है कि वह अपने किसानों, मछुआरों, डेयर उत्पादकों व ऊर्जा हितों से समझौता नहीं करेगा, चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। भारत का रूस से तेल आयात वैश्विक ऊर्जा स्थिरता में योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क लगाने के ऐलान के बाद सरकार की दृढ़ता दिखाई है, जो जरूरी कदम है। प्रधानमंत्री अगर पहली बार ही जब वे अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने गए थे और उनकी बैठक से पहले अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, तब कड़ी प्रतिक्रिया देते तो ट्रंप की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। 25 फीसदी शुल्क के ऐलान के वक्त भी सरकार को माकूल प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। देर ही सही पर भारत ने अमेरिका को उसके दोहरे मानदंड को लेकर आईना दिखाया कि वह खुद रूस से यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक व मशीनरी उपकरण आयात कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत के प्रति जो मौजूदा टैरिफ धमकियों की स्थिति है, उसमें पीएम मोदी की सरकार की ट्रेड नीति, विदेश नीति व कूटनीति के साथ भारतीय राष्ट्रवाद की भी परीक्षा है। भारत को अपनी स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। ट्रंप अगर नहीं रुकते हैं, तो यह वक्त तगड़ा जवाब देने का भी होगा। अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगा सकता है, साथ ही भारत नए विकल्प की ओर बढ़ सकता है। भारत रूस के साथ अपनी तेल खरीद व ट्रेड बढ़ा सकता है। रक्षा निर्भरता रूस पर अधिक है व वह भरोसेमंद साझेदार भी है, इसलिए इस टेस्टेड रिश्ते को और मजबूत करना चाहिए। भारत ने यूके के साथ फ्री ट्रेड डील की है, ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ एफटीए सितंबर तक हो जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का लाभ भारत को चीन के साथ अपने ट्रेड संबंध को बढ़ाने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ लगने के बाद ब्राजील ने भी कहा है कि वे भारत व चीन के साथ इससे उबरने के उपायों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ वार से विश्व स्तर पर ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान आदि देशों की नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो ग्लोबल ट्रेड की वैकल्पिक धुरी बन रही हैं। भारत ब्रिक्स को मजबूत करने में सहयोग कर सकता है और करीब 50 से अधिक देशों वाले अफ्रीकी संघ के साथ अपने ट्रेड संबंध को मजबूत कर सकता है। साथ ही वह दक्षिण पूर्व व मध्य पूर्व एशियाई देशों के साथ अपना ट्रेड बढ़ा सकता है। अमेरिकी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात 40 से 50 फीसदी प्रभावित हो सकता है, इसलिए, निर्यातकों को इन विकल्पों की तरफ बढ़ना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार ने ट्रंप टैरिफ को ठेंगा दिखाया है व बढ़त के साथ बंद हुई है, साफ है भारत का घरेलू बजार मजबूत है, इसमें और अधिक आर्थिक क्षमता है। अमेरिका अपनी हरकतों से खुद भारत से दूर हो रहा है। इसलिए ग्लोबल ट्रेड में भारत को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।



चिंतन
शिवप्रकाश

# स्वदेशी के मंत्र से आत्मनिर्भर होगा भारत

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी कृषि व डेयरी के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। टैरिफ संरचना की रक्षा करना, स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करना, किसान उत्पादक संगठन,कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग इकाइयों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, पोषण और पारंपरिक कृषि विविधता की रक्षा करने के साथ ग्रामीण जीवन और आजीविका की सुरक्षा करने के लिए सरकार सभी प्रकार से प्रतिबद्ध है।**

भारत के साथ टैरिफ समझौते में अमेरिका की ओर से बनाए जा रहे दबाव के तहत 25 प्रतिशत का टैरिफ न सिर्फ अतार्किक है बल्कि भारत के ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था व स्वावलंबन पर सीधा हमला है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान अब सिर्फ भावनात्मक नहीं बल्कि रणनीतिक जवाब है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सिर्फ खेतों और डेयरी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत का यह एक सामाजिक आर्थिक ढांचा हैजिसमें छोटे किसान, महिला स्व-सहायता समूह, सहकारी समितियाँ और पारंपरिक उत्पादन श्रृंखला शामिल हैं। भारत के 86 प्रतिशत किसान छोटे और सीमांत हैं जिनकी जोत दो हेक्टेयर से भी कम है। देश की आठ करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवार डेयरी क्षेत्र से जुड़े हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं और भूमिहीन किसान शामिल हैं। यह पूरा समूह बेहद संवेदनशील है जिसकी आजीविका के लिए सरकार पूरा सहयोग व समर्थन देती है। इतनी बड़ी जनसंख्या का पूरा ढांचा न्यूनमत समर्थन मूल्य (MSP), सब्सिडी और सीमा शुल्क पर निर्भर करता है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी कृषि व डेयरी के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। टैरिफ संरचना की रक्षा करना, स्थानीय मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करना, किसान उत्पादक संगठन,कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग इकाइयों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, पोषण और पारंपरिक कृषि विविधता की रक्षा करने के साथ ग्रामीण जीवन और आजीविका की सुरक्षा करने के लिए सरकार सभी प्रकार से प्रतिबद्ध है।

इन्हीं आशंकाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने काशी प्रवास में देश की जनता से स्वदेशी का नारा बुलंद किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया ने स्वदेशी हथियाओं की ताकत का अनुभव किया है। प्रधानमंत्री ने इसे भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ताकत कहा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता और आशंका का वातावरण है। इस अस्थिरता से उबारने के लिए सभी देश अपने राष्ट्रीय हितों के संरक्षण की नीति अपना रहे हैं। ऐसे में भारत अलग कैसे रह सकता है। हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। इसके मद्देनजर हमे भी अपने राष्ट्रीय हितों के प्रति सजग रहते हुए किसानों, लघु उद्योगों और नौजवानों के रोजगार के प्रति सजग रहना होगा। तीसरी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दलगत भाव से ऊपर उठकर समस्त दल, प्रबुद्ध नागरिकों और समाज को स्वदेशी के ही मंत्र को उद्घोष करना चाहिए। हम स्वदेशी को अपनाएं और स्वदेशी को बढ़ाएं।

गत दशक में भारत की अर्थव्यवस्था उत्तरोत्तर प्रगति के शिखर पर जा रही है। वर्ष 2013- 2014 में हम 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे जो आज चौथे नंबर पर है , और अब तीव्र गति से तीसरे नंबर की ओर बढ़ रहे है । हमारी विकास दर 6.4 % की गति से बढ़ रही है । रक्षा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में भारत का प्रभाव बढ़ा है । विश्व बाजार में भी भारत की भागीदारी भी बढ़ी है । हमारी



गरीब कल्याण की योजनाओं के कारण 24 करोड़ से अधिक गरीब गरीबी रेखा से ऊपर आए है । ढांचागत विकास सहित भारत ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है । हमारी मूलभूत सुविधाओं का स्तर विश्व स्तरीय हो रहा है । ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भोलेनाथ को पूजते भी हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर हम अपनी सुरक्षा के लिए कालभैरव भी बन जाते हैं ।बढ़ती आर्थिक प्रगति, सक्षम सुरक्षा नीति एवं बढ़ता भारत का वैश्विक प्रभाव दुनिया के देशों में भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव भी उत्पन्न कर रहा है।

अमेरिका की कृषि व्यवस्था औद्योगिक, सब्सिडी-समर्थित और बड़े पैमाने वाली है। इसके मुकाबले भारत में कृषिक्षेत्र में छोटी जोत वाले किसान शामिल है। भारत में कृषि पर निर्भर जनसंख्या लगभग 55% है जो बहुतांश गांव में रहती है । भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि क्षेत्र का 15%योगदान है । भारत में खेती की सफलता पूरी तरह मौसम की अनिश्चितता पर निर्भर है। श्रम-आधारित व्यवस्था पर टिकी भारत की खेती की तुलना अमेरिका की खेती से नहीं की जा सकती है। ऐसे में अमेरिका व भारत जैसे देश परस्पर समान टैरिफ पर नहीं आ सकते हैं। भारत का कपड़ा, खाद्यान्न, चीनी,डेयरी एवं मत्स्य व्यवसाय कृषि के साथ ही जुड़ता है ।कृषि व डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अमेरिका के लिए खोलने की जिद बेमानी होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिकी सस्ते डेयरी उत्पादों से भारतीय बाजार पट जाएगा। महिलाओं के स्व-सहायता समूह, जैसे अमूल जैसी सहकारी संस्थाएं आर्थिक संकट में पड़ जाएंगी। भारतीय किसानों के उत्पादों की कीमतें बाजार में कौड़ियो के भाव बिकने को मजबूर होंगी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संकट, बेरोजगारी, पलायन और असंतोष शुरू हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दशक में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाई है । पिछले एक दशक में कृषि बजट में 5 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जो बजट 2013- 2014 में 21,933 करोड़ की तुलना में 2023-2024 में 1.25 लाख करोड़ हो गया । सहकारिता क्षेत्र भी भारत में महिलाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शक्तिशाली करने में जुटा है ।ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि एवं कृषक कल्याण, महिला सुरक्षा, डेयरी उद्योगों का संरक्षण एवं सहकारिता का पोषण यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है । जिसका आह्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है ।

स्वदेशी केवल तत्कालीन नहीं बल्कि भारत की आत्मा का उद्घोष है। यह भारत की एकता, देशभक्ति एवं सामूहिक आकांक्षाओं का शंखनाद है। भारत में स्वदेशी का मंत्र समय-समय पर अलग-अलग रूपों में प्रकट हुआ है। यही मंत्र ब्रिटिश गुलामी के समय विदेशी सत्ता को उखाड़ने में भी विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर, वंदे मातरम के रूप में आया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कराए गए परमाणु विस्फोट के बाद भी भारत में प्रतिबंध लगाए गए थे, जिसका जवाब स्वदेशी के नारे ने दिया था। पूरी दुनिया को स्वदेशी भाव से समुचित प्रत्युत्तर दिया गया था। स्वदेशी के मंत्र से आवश्यक संयम एवं स्वावलंबन का भाव जगेगा और अनावश्यक रूप से विदेशी पूंजी पर निर्भरता को मोह से हम बचेंगे। स्वदेशी के मंत्र पर अमल से डिफेंस उद्योग का विकास होगा, कृषि पैदावार बढ़ेगी, श्रम प्रधान उद्योग का विस्तार होगा। सार्वजनिक सेवाओं और मूलभूत उद्योगों का विस्तार होने से हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं तथ्यों के आधार पर स्वदेशी के व्यवहार का आह्वान किया है। हम इसे अपने जीव नें अपना कर भारत को पुनः अजेय ताकत के रूप में स्थापित कर सकते हैं। यही समय की मांग है।

*(राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन भाजपा)*

## संस्कृत दिवस सप्ताह

डॉ.शंकरलाल शास्त्री




# संस्कृत दिवस और जुगाड़ संस्कृत पुरस्कारों का

संस्कृत भाषा परिष्कृत और वैज्ञानिकता से ओतप्रोत एक सर्वोत्कृष्ट प्राचीन भाषा है। इसी भाषा में अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि, पशुधन, शल्य क्रिया, शिल्प शास्त्र, कला, जल संरक्षण और पर्यावरण चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों का ज्ञान समाया है । हमारे देश के इस दुर्लभ ज्ञान को आज संजोने की विशेष आवश्यकता है। भारत सरकार भी संस्कृत वाङ्मय के उन्नयन हेतु प्रयासरत है किंतु क्या हम संस्कृत दिवस या संस्कृत सप्ताह का आयोजन कर और अपने अपनों को उपकृत कर इतिश्री कर लेने मात्र से देव भाषा संरक्षण के उद्देश्यों को पूर्ण कर पायेंगे। आज संस्कृत के छात्रों की निरंतर गिरती संख्या एक चिंताजनक यक्ष प्रश्न है। अपना प्रभुत्व जमाए रखने के लिए आए दिन कुछ विश्वविद्यालयों को सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखना एक अलग विषय हो सकता है। किंतु विश्वविद्यालयों में छात्रों की वास्तविकता क्या है लोग भलीभांति जानते हैं। यदि जितना प्रयास गुटबाजी कर अन्यों को हांशिए पर लाने के प्रयत्न की जगह वास्तव में संस्कृत छात्रों की संख्यात्मक अभिवृद्धि पर ध्यान दिया जाए तो परिणाम बहुत अच्छे हो सकते हैं। गत दिनों राजस्थान के राजकीय विद्यालय की दीवार गिरने से बच्चों की मौत का मामला सामने आया। यहां के संस्कृत विद्यालयों के भवनों एवं छात्रों की संख्या भी दयनीय ही नजर आती है। इनके साथ-साथ राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा यानी संस्कृत दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले राज्य स्तरीय समारोह में संस्कृत विद्वानों को सम्मानित करने की परंपरा में भी दयनीयता ही नजर आ रही है। इस वर्ष का आयोजन राजस्थान में गुरुवार को उदयपुर में है जो संस्कृत दिवस यानी रक्षाबंधन से दो दिन पहले अपनी सुविधानुसार होने लगे हैं। हालांकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस मनाने की घोषणा की थी । इन पुरस्कारों में प्रायः राजनीतिक गलियारों या भाई- भतीजीवाद का सिद्धांत ही फल फूल रहा है। चाहे कोई भी सरकार आए । अपने अपनों का जुगाड़ ही लगा है। जिन्होंने दशकों तक हजारों पृष्ठों में लेखन कर संस्कृत की सेवा की, प्रचार प्रसार में अपना जीवन समर्पित किया उन्हें कोई पूछता तक नहीं है। यदि आपका राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है किसी बड़े अधिकारी से संपर्क नहीं है तो तय मानिएगा कोई पूछने वाला तक नहीं है । कितनी भी साहित्य - साधना करिए, लिखते - लिखते आंखों की दृष्टि धूमिल कर डालिए किंतु संस्कृत शिक्षा निदेशालय, राजस्थान द्वारा प्रायः उपेक्षित कर विद्वानों को अगले वर्ष देख लेंगे और वह अगला वर्ष उस विद्वान के जीवन में कभी आता ही नहीं है। ऐसे में इन पुरस्कारों या सम्मानों में न्याय हो पाना पूर्णतः दुर्लभ है। क्यों न ऐसे सम्मान के चयन मंडल में बजाय राजनीति गलियारों की अपेक्षा यदि किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में निष्पक्ष निर्णय करवाया जाना चाहिए। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय से जुड़े विशेषज्ञों के संयोजन में चयन किया जाना चाहिए।

वर्तमान में प्रायः ऐसे पुरस्कार राजनीति या जोड़-तोड़ की भेंट चढ़ जाते हैं। वहीं दूसरी ओर वंशवाद पनप रहा है साथ ही एक ऐसा खेमा खड़ा होता है जो तोते की तरह पूरी तरह से चयन समिति के लोगों को ईर्ष्या या द्वेष के चलते चयन न करवाने का फलसफा रटा दिया जाता है और ऐसी चयन समितियां महज नाम मात्र की रह जाती हैं। ऐसे में यदि न्यायाधीशों की अध्यक्षता में बतौर उनके प्रकाशनों और अन्य कार्यों के योगदान पर आधारित पक्षों को मध्य नजर रखते हुए निर्णय लिया जाए तो संस्कृत विद्वानों को न्याय मिल सकेगा । राजस्थान जैसे प्रदेश के साथ ही पूर्व में दिए जाने वाले अन्य संस्कृत सम्मान भी लुप्तप्रायः होते जा रहे हैं । ऐसे में जहां एक ओर संस्कृत संरक्षण की बात की जाती है वहीं दूसरी ओर संस्कृत भाषा की सेवा करने वाले मौन- साधकों को प्रायः मूक ही रखा जाता है आखिर योग्य और देववाणी की सेवा में लगे सुधीजनों का हम उत्थान कैसे कर पाएंगे? ऐसे कई यक्ष प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं । यानी आज के दौर में ऐसे सम्मान कृतित्व की अपेक्षा जोड़-तोड़ के आधार पर मिलते हैं। ऐसे में सरकारों और निर्णायक मंडलों को निष्पक्षता के आधार पर उन्हें पुरस्कृत करवाए जाने की श्रृंखला को प्रमुखता से देखना चाहिए। वही पुरानी घिसी-पिटी लीकटी पीटते रहने से या सिर्फ और सिर्फ परिचय वालों को ही यह पुरस्कार रूपी प्रसाद बांटते रहने से क्या हम लोक कल्याण कर पाएंगे? अतः इस पर एक नवीन वैज्ञानिक, लोकतांत्रिक, निष्पक्ष और पारदर्शी पहल की आवश्यकता है। यही एक शुभ संकेत सिद्ध हो सकता है।

*(लेखक संस्कृत विद्वान एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)*


# 'धर्म और अध्यात्म' के बदलते जा रहे हैं अर्थ



संकलित
**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अध्यापक दायित्वों को दरकिनार करने से बचें

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा है। टीचर का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत नही हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त नही, उस शिक्षा का कोई महत्व नही है ।वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नही है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकता पूर्वक प्रयास हो। लेकिन आज तो दोनों ही भटक गए है। अध्यापक नौकरी करते है और छात्र डिग्रियां लेते है। संस्कारो की चिंता किसी को नही है। आज मोबाइल और इंटरनेट के समय में जहा छात्र -छात्राएं भटक रहे है। वही टीचर भी अपनी मर्यादाओ को पीछे छोड़ रहे है। गुरु और शिष्य की परंपरा का निर्हवन नही होता है। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते तार तार हो रहे है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### नई कृषि तकनीक



तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाक़ात हुई। उनके अनुभवों और नवाचार पर उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊपन बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के उनके प्रयासों के बारे में सुनकर मैं दंग रह गया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भर जाएं, हमको स्वदेशी अभियान चलाना है। आज 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर हम ये संकल्प भी लें कि हम अपने देश में बनी हुई चीजें को ही खरीदेंगे।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### उड़ान के लिए तैयार



गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल नवंबर में खोला जाएगा। यह टर्मिनल न केवल पूर्वोत्तर राज्यों के साथ, बल्कि हमारे पड़ोसी देश भूटान के साथ भी संपर्क को बढ़ाएगा। नवंबर से एक नये और बेहतर अनुभव के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाइए।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### अनावश्यक टिप्पणी



राहुल गांधी हर बात पर संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

## करंट अफेयर

# वास्तविक दुनिया से जोड़ने ब्रिटेन में युवाओं को पैकेज



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को 8 .8 करोड़ पाउंड के युवा सेवा पैकेज जारी किया, जिसका उद्देश्य किशोरों को स्क्रीन से दूर रखकर वास्तविक जगत की बाहरी गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास की दुनिया से फिर से जोड़ना है। 'बिल्डिंग क्रिएटिव फ्यूचर्स' कोष स्कूली बच्चों को नियमित स्कूली दिनों के अलावा खेल, कला और संगीत, वाद-विवाद या स्वयंसेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों तक बेहतर पहुंच प्रदान करता है ताकि उनके आवश्यक कौशल में सुधार हो सके। 'बेटर यूथ स्पेसिस' कार्यक्रम की योजना उन क्षेत्रों में युवा क्लबों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बनाई गई है, जहां गरीब बच्चे सबसे ज्यादा हैं। इसमें नए जिम उपकरण आदि शामिल हैं। स्टॉर्मर ने कहा, 'आजकल बच्चे ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ते हुए, अक्सर खुद को घर पर अलग-थलग और अपने समुदायों से कटा हुआ पाते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक सरकार के रूप में, इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य है। आज का निवेश एक बेहतर विकल्प प्रदान करने के बारे में है: परिवर्तनकारी, वास्तविक दुनिया के अवसर जिनका देश भर के समुदायों पर प्रभाव पड़ेगा, ताकि युवा कुछ नया खोज सकें, अपनी ऊर्जा पा सकें।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव



पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है। यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बी ने शुरू की कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के बहुचर्चित शो केबीसी सीजन 7 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही निर्माताओं ने इस सीजन में को लेकर अहम जानकारी साझा की है। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 का प्रीमियर 11 अगस्त को होगा। यह शो सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह शो सोनीलिव पर भी स्ट्रीम होगा। निर्माताओं ने बताया कि इस नए सीजन में नए प्रतियोगी, मुश्किल सवाल और शो के 25 साल पूरे होने की खुशी में कुछ खास सरप्राइज होंगे। उन्होंने कहा, केबीसी 17 नए सीजन और शानदार होस्ट के साथ दर्शकों का पसंदीदा शो बनेगा। शुरुआती एपिसोड में नई घोषणाएं की जाएंगी। केबीसी शो के 25 साल पूरे होने पर सोनी टीवी ने एक खास अभियान शुरू किया है 'जहां अकल है वहां अकड़ है'। यह अभियान बुद्धि और आत्मविश्वास का जश्न मनाता है। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने केबीसी को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। बिग बी 2000 से केबीसी के होस्ट हैं (2003 के एक सीजन को छोड़कर)। उन्होंने अपने ब्लॉग में नए सीजन को लेकर उत्साह और घबराहट जाहिर की। उन्होंने लिखा, " काम शुरू... सुबह जल्दी उठकर केबीसी के नए सीजन का पहला दिन... हमेशा की तरह घबराहट, कांपते घुटने। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगी और दर्शक ही शो को खास बनाते हैं।

# 250 सिनेमाघरों में दिखाई जाएंगी गुरु दत्त की फिल्में


**मुंबई।** महान फिल्म निर्माता गुरु दत्त के शताब्दी समारोह के मौके पर अगस्त में पूरे भारत में उनकी मशहूर फिल्मों को दिखाया जाएगा। 8 से 10 अगस्त तक, भारत भर के 250 से अधिक सिनेमाघरों में गुरु दत्त की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया जाएगा। इन फिल्मों में प्यासा, आर-पार, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और



गुलाम, कागज के फूल, मिस्टर एंड मिसेज 55 और बाज शामिल हैं। अल्ट्रा मीडिया और एनएफडीसी-एनएफएआई के सहयोग से गुरु दत्त की प्रतिभा का जश्न मनाने के लिए एक खास प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आर. बाल्की ने कहा 'मैंने वास्तव में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक फिल्म बनाने की कोशिश की है।

# इंस्पेक्टर जेंडे का फर्स्ट पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी और ओटीटी के फैंस जहां 'द फैमिली मैन सीजन 3' के इंतजार में पलक पावड़े बिछाकर बैठे हैं, वहीं गुरुवार को उनकी एक नई फिल्म की रिलीज डेट आ गई है। मेकर्स ने नई क्राइम थ्रिलर मूवी 'इंस्पेक्टर जेंडे' का फर्स्ट पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ जिम सर्भ नजर



आएंगे। पोस्टर का अंदाज अलग है और वह एक अखबार की शक्ल में है, जिससे पता चलता है कि यह चोर-पुलिस का मजेदार रोमांचक खेल होने वाला है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मनोज और जिम की यह नई फिल्म अगले महीने सितंबर में ही रिलीज होगी। इंस्पेक्टर जेंडे के राइटर और डायरेक्टर चिन्मय डी. मंडलेकर हैं।

## जेन एटा पिट के लिए पोती ने लिखी भावुक पोस्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट की मां जेन एटा पिट का निधन हो गया है। जेन एटा पिट के निधन की जानकारी उनकी पोती सिडनी पिट ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पोस्ट में दादी की कई तस्वीरें शेयर कीं और एक भावुक पोस्ट लिखी। ब्रैड पिट की मां एक सेवानिवृत्त स्कूल काउंसलर थीं। जेन एटा पिट परिवार को एक सूत्र में पिरोने वाली कड़ी थीं। वह अपनी दयालुता, दृढ़ता और अपने बच्चों के प्रति बिना किसी स्वार्थ के प्यार करने के लिए जानी जाती थीं। उनकी शादी विलियम एल्विन पिट से हुई थी। उनके तीन बच्चे थे, जिनमें ब्रैड सबसे बड़े थे। जेन एटा पिट की पोती ने सोशल मीडिया पर अपनी दादी को श्रद्धांजलि दी और लिखा 'मेरी प्यारी दादी हम अभी आपके जाने के लिए तैयार नहीं थे। यह जानकर कि अब आप गाने, नाचने और पेंटिंग करने के लिए आजाद हैं, तो थोड़ा बेहतर लगता है।


IDFC FIRST Bank

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सह-पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं), सह-ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कॉलम (iii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

संपत्ति निरीक्षण ऑनलाइन

| क्र. सं. | (i) मांग नोटिस राशि | (ii) समझौता आईडी | (iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और जमानतदार (ओं) का नाम | (iv) गिरवी रखी गई संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि और समय | (viii) नीलामी की तिथि और समय समाप्ति | (ix) निरीक्षण की तिथि और समय | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय मुद्रा 4815258 .59/- मांग नोटिस दिनांक: 25 अप्रैल 2024 | 41462257 | दिलीप कुमार देवांगन, सुशीला देवी देवांगन और दिलीप कुमार देवांगन C/o डी के हैंडलूम | फ्लैट नंबर सी-201 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 1280 वर्गफीट यानी 118 .96 वर्ग मीटर (सुपर बिल्ट-अप एरिया) है, जो "वृंदावन गार्डन" नामक बहुमंजिला परिसर के ब्लॉक-सी की दूसरी मंजिल पर है। यह खसरा संख्या 728/1-2-3, 731/3-4 के कुछ हिस्सों में बना है। यह मौजा ग्राम: दलदल सिवनी, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड क्रमांक 26, प.ह. नं. 109/41, रा.नि.मं.-रायपुर-1 तहसील व जिला: रायपुर, छत्तीसगढ़-492014 में स्थित है। चौहद्दी- पूर्व: खुला, पश्चिम: फ्लैट संख्या सी-202, उत्तर: गलियारा व दक्षिण: बालकनी। | भारतीय मुद्रा 2816000.00/- | भारतीय मुद्रा 281600.00/- | 12 सितं.-2025 11.00 बजे से 1.00 बजे दोपहर तक | 11 सितं.-2025 10.00 बजे से 5.00 बजे शाम तक | 04 सितं.-2025 10.00 बजे से 4.00 बजे शाम तक | नाम-विनय सोनी संपर्क नंबर-9238528177 नाम-संदेश जैन संपर्क नंबर-8839140796 |
| | | | | | | | | संपत्ति स्थान एवं छवियों के क्यूआर कोड | | |

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति पर मौजूद चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 08.08. 2025
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


# घाटी में जबरदस्त एक्शन मोड में दिखीं

**मुंबई।** अनुष्का शेट्टी की लंबे समय से अटकी एक्शन-ड्रामा फिल्म 'घाटी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित फिल्म 'घाटी' के ट्रेलर में खतरनाक पर्वत श्रृंखलाओं में सामने आने वाली गंभीर चुनौती को दिखाया गया है। ट्रेलर में अनुष्का शेट्टी जबरदस्त एक्शन मोड में हैं। फिल्म घाटी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक नए पोस्टर के साथ ट्रेलर शेयर किया। कैप्शन में लिखा है 'घाटी की एक आवाज है। यह दहाड़ती है। यह विद्रोह करती है। यह गूंजती है। 'घाटी' खून, पसीने और पत्थर से गढ़ी गई एक कहानी है। घाटी का ट्रेलर अब रिलीज हुआ है।' फिल्म के ट्रेलर में, अनुष्का शेट्टी एक उग्र और साहसी महिला का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। वह पहले एक प्यारी साथी होती हैं। इसके बाद उनके साथ कुछ हादसा हो जाता है और वह एक शक्तिशाली बदला लेने वाली महिला बन जाती हैं। ट्रेलर में मादक पदार्थ की तस्करी की दलदली दुनिया दिखाई गई है।



# काजोल के कहने पर तनुजा ने बजाई सिटी

**मुंबई।** 81 साल की उम्र में भी दिग्गज अभिनेत्री तनुजा अपनी जीवंतता से सभी को हैरान कर रही हैं। महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्होंने अपनी बेटी काजोल के कहने पर मजेदार अंदाज में सीटी बजाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस खास पल को अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। अनुपम खेर ने इस पल का एक वीडियो शेयर करते हुए तनुजा को 'भारतीय सिनेमा की सबसे कूल हीरोइन' बताया। उन्होंने लिखा, तनुजा जी न सिर्फ शानदार अभिनेत्री और मां हैं, बल्कि एक कमाल की इंसान भी हैं। उन्होंने मेरे साथ किशोरी की तरह सीटी बजाई। उनके जज्बे को सलाम। अनुपम खेर की इस पोस्ट पर काजोल ने रिप्लाई करते हुए लिखा, दो महानुभाव.. आप और मां।' तनुजा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। 1960 और 1970 के दशक में उन्होंने 'बहारें फिर भी आएंगी', 'हाथी मेरे साथी', 'अनुभव' और 'ज्वेल थीफ' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय से सभी का दिल जीता।



## बिग बॉस में हिस्सा लेने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में कौन-कौन सेलेब हिस्सा ले सकता है इसे लेकर तमाम अटकलें लग रही हैं। इस बीच दिव्यांका त्रिपाठी के नाम की चर्चा भी तेज है। रियलिटी शो में हिस्सा लेने की खबरों पर दिव्यांका ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया पर वायरल कुछ पोस्ट में ऐसा दावा किया जा रहा है कि बिग बॉस सीजन 19 के लिए दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा को अप्रोच किया गया है। संभव है कि दोनों की तरफ से कंफर्म किया जाए। हालांकि, इस तरह की खबरों का दिव्यांका त्रिपाठी ने खंडन किया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है और बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की बात से साफतौर पर इनकार किया है। इस तरह की खबरें वे हर साल फैलाते हैं'। बता दें कि दिव्यांका इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज, नच बलिए 8, खतरों के खिलाड़ी 11 और खतरों के खिलाड़ी 13 जैसे कई रियलिटी शो में हिस्सा ले चुके हैं। हालांकि, बिग बॉस से उन्होंने अब तक दूरी बना रखी है।








बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

### अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

### अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अकसर ही देखा जा सकता है।

अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

### चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला -संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम

**बच्चो, अपने** देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।




बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व

शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर



कहानी

हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

## सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा।

अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता

डॉ. फहीम अहमद




## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर



मानस, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## जैकेट के शेष

### कलेक्टरों ने रिकवरी के ...

ही कई सोसायटी प्रबंधक हाईकोर्ट की शरण में गए हैं। वहां उनकी दलील है कि खरीदी के बाद सरकार को तय समय में धान का परिवहन कराना था। लेकिन नहीं कराया गया। इस वजह से धान गरमी में सूखा और शार्टेज हो गया है।

### ट्रंप टैरिफ : आधा ....

शुल्क अब संयुक्त राज्य अमेरिका में आ रहे हैं! ट्रंप द्वारा पिछले हफ्ते कई देशों पर घोषित जवाबी शुल्क अमेरिकी समय के अनुसार सात अगस्त को रात 12 बजे से लागू हो गए। ट्रंप ने इससे पहले कहा था, जवाबी शुल्क आज आधी रात से लागू होंगे! अरबों डॉलर, जिनमें से ज्यादातर उन देशों से आएंगे, जिन्होंने कई वर्षों तक अमेरिका का फायदा उठाया है। अमेरिका की महानता को केवल एक ही चीज रोक सकती है, और वह है एक कट्टरपंथी वामपंथी अदालत जो हमारे देश को विफल देखना चाहती है!'' ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। इस कदम से कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने कहा कि ये कदम 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। साथ ही, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ रियायत प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा।

### अनुसूचित जाति विकास ....

प्रावधान करने समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने अजा वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। योजनाओं के के जमीनी असर पर अधिकारियों से चर्चा की और जनता को हो रहे लाभ की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि समाज के वंचित वर्गों तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचना चाहिए। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने का फैसला लिया गया।

### गिरौदपुरी के विकास ....

लाख की मदद करने का फैसला लिया गया। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, सांसद, विधायक, प्राधिकरण के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी व कलेक्टर उपस्थित रहे।

### ...तो 100 पुल, पुलियों से हर ....

चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ना है।

### बोरी में बंद ....

की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। टुर्कमुड़ा टिकरापारा निवासी राज सारथी बुधवार की रात अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 2 बजे एक अज्ञात युवक इनके घर में प्रवेश किया और मां के साथ सो रहे 10 माह के बच्चे रोहन सारथी को गोद में उठा कर वहीं पड़े बोरी भर दिया। इसके बाद आरोपी बोरी को रस्सी से बांध कर ले जा ही रहा था कि बच्चा जोर से रोने लगा, जिससे उसके माता-पिता की नींद खुल गई। तब उन्होंने सामने एक युवक व बोरी के भीतर अपने जीगर के टुकड़े को देखा। इसके बाद परिजनों ने बिना देर किए आरोपी को लपक कर पकड़ लिया।

**मोहल्लेवासियों ने बांध कर पीटा** : आरोपी को पकड़ने के बाद परिजनों ने उसे बांध कर रात भर रखा। इस बीच उसकी पिटाई भी होती रही। रात में ही पीड़ित परिजनों द्वारा मामले की सूचना मोहल्लेवासियों को दे दी गई थी। सुबह तक तो मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसके बाद भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा और मोहल्ले के महिला-पुरूषों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरेश मुंडा (42) निवासी सुंदरगढ़ ओडिशा बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**घर पर नहीं है दरवाजा, इसी का उठाया फायदा** : पुलिस ने बताया कि आरोपी सुरेश मुंडा बीते चार दिनों से जूटमिल क्षेत्र में लावारिश हालत में घूम रहा था। बुधवार की रात वह टुर्कुमुड़ा टिकरापारा राज सारथी के घर पहुंच गया। चूंकि वह नशे में था और देखा कि राज सारथी के घर में दरवाजा नहीं पर्दा लगा था तो वह अंदर प्रवेश कर गया। वहीं सामने बच्चे को देख उसे उठा कर ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया।

**आरोपी की मानसिक हालत नहीं ठीक** : पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी से पूछताछ करने पर लग रहा था कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कोई भी उससे कुछ सवाल पूछता तो वह कुछ भी जवाब देने लग जाता था। बताया जा रहा है कि आरोपी की दो पत्नी हैं, एक ओडिशा तो दूसरी झारखंड में रहती है। कभी आरोपी मासूम को झारखंड ले जाने की बात कहता तो कभी जिंदल प्लांट ले जाना बताता। वहीं पुलिस द्वारा जिंदल में कौन रहता है पूछने पर कोई नहीं बोलता था। इस तरह वह कुछ भी बातें कह कर पुलिस को गुमराह कर रहा था। हालांकि सचमुच उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है या वह पुलिस की जांच से बचने के लिए ऐसा ढोंग कर रहा था यह जांच का विषय है।**इन धाराओं के तहत हुई गिरफ्तार** : 0 धारा 331(4) बीएनएस : अनाधिकृत रूप से गृह प्रवेश, यह एक संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। 0 137(2) बीएनएस : अपहरण, 7 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान। 0 109 : हत्या का प्रयास, 10 साल की कैद और जुर्माने का प्रावधान।

### भीड़ को बताया ....

सालों में इस तरह के मामले नहीं आए हैं। आरोपी नशे में था, शायद इसलिए इस तरह का कदम उठाया होगा। हालांकि उसने तो गंभीर अपराध किया है, इसलिए उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### भागो-भागो की ....

है कि लापता लोगों की संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने आपदा की दर्दनाक दास्तां बयान कीं। धराली के पड़ोस के एक अन्य गांव मारकण्डेय की रहने वाली निशा सेमवाल ने बताया, नीचे लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन हम कुछ नहीं कर पाए। कुछ लोगों के पूरे परिवार चले गए। यह एक बुरा सपने जैसा था। सुबह तक सब कुछ अच्छा था लेकिन दोपहर बाद सब खत्म गया।

### कई राज्यों के ....

कर्नाटक, तेलंगाना, और पंजाब के तीर्थयात्री शामिल हैं। हर्षिल, गंगोत्री और झाला से 275 लोगों को मातली हेलीपैड भेजा गया।

## पूर्व तट रेलवे

**निविदा सूचना सं.: VSKP-ELECTG-25-26-WC-20, दिनांक 04.08.2025**

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मंडल के विशाखापट्टणम में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (SSE) (ELG)/SS-III, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (SSE) (ELG)/SS-IV, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (SSE) (ELG)/नॉर्थ एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (SSE) (ELG)/मुक्तापुरम (MPM) के क्षेत्राधिकार के अधीन रेलवे क्वार्टरों के लिए स्मार्ट इनर्जी मीटरों के प्रावधान द्वारा क्वार्टर इनर्जी उपभोग की बिलिंग एवं ऑनलाइन निगरानी।

**निविदा मूल्य:** रु. 3,32,21,257.72, बोली सुरक्षा: रु. 3,16,100, समापन अवधि: 240 दिन।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.08.2025 को 1330 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 26.08.2025 को 1600 बजे।

निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदाकारों को जारी किसी भी शुद्धिपत्र के लिए वेबसाइट देखना आवश्यक है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (G), वाल्टियर

PR-441/Q/25-26

## MUNICIPAL CORPORATION ZONE-10 RAIPUR

Email:-rmczone10@gmail.com

e-Procurement Tender Notice, Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

**NIT NO: 28** **RAIPUR DATED : 07/08/2025**

**Online bids are invited for the following works up to 22/08/2025 at 17:30 hours.**

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 173261 | जोन क्र. 10 अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 49 में सफाई कार्य हेतु 38 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये जाने बाबत् । | 60.77 Lakh |
| 02 | 173262 | जोन क्र. 10 अंतर्गत सफाई /विभागीय वाहनों के संचालन हेतु 16 भारी वाहन चालक एवं 15 हल्का वाहन चालक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने बाबत् । | 68.66 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **07/08/2025, 17:30** Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:-

1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* **18004199140** or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE - 10**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी जिला- रायपुर (छ.ग.)

website- www.deoraipur.com,
Email: Deoraipurict@gmail.com, Phone No-0771-4002693

**:: स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा भर्ती के पदो की वृद्धि, दावा आपत्ति का निराकरण पश्चात दस्तावेज सत्यापन के लिए अंतिम प्रावीण्य सूची की सूचना ::**

पत्र क्रमांक/शिक्षा/SAGES/संविदा भर्ती/2025/381 रायपुर, दिनांक : 06/08/2025

कार्यालयीन पत्र क्रमांक/ शिक्षा /SAGES /2023/894 रायपुर, दिनांक 27.09.2023 द्वारा जिले के 27 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों के 71 पदो पर संविदा भर्ती के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

तदपश्चात कार्यालयीन पत्र क्रमांक /शिक्षा /SAGES /संविदा भर्ती /2024 /86 रायपुर दिनांक 12/03/2024 द्वारा पात्र/अपात्र अभ्यार्थीयों की सूची जिले के वेबसाईट **https://raipur.gov.in/** पर जारी कर त्रुटि सुधार हेतु दावा आपत्ति दिनांक 28/03/2024 तक निर्धारित प्रपत्र में आमांत्रित किए गये थे। दावा आपत्ति निराकरण की सूची तथा दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होने वाले **(01 पद के विरूद्ध 10)** अभ्यर्थीयों की अंतिम प्रावीण्य सूची के साथ पदवार, तथा दस्तावेज सत्यापन दिनांक 11.08.2025 एवं 12.08.2025 स्थान स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मौदहापारा फाफाडीह रायपुर छ.ग. की जानकारी जिले की वेबसाईट में उपलब्ध हैं।

संविदा भर्ती शर्त के कण्डिका क्रमांक-03 अनुसार पदों की संख्या परिवर्तनीय है, का उल्लेख है, जिनका पालन करते हुए विज्ञापित-71 पदों में व्याख्याता भौतिक के 5 पदों की वृद्धि की गई है। अतः विज्ञापित 71 पदों के स्थान पर 76 पद किया गया है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, सरोना के (व्याख्याता-गणित का 01 पद), सेजेस शाला लालपुर (शिक्षक-गणित का 01 पद) एवं सेजेस हरिहर शाला अभनपुर (शिक्षक-अंग्रेजी का 01 पद) कुल-03 पदो को अपरिहार्य कारण से विलोपित किया गया हैं। तदउपरांत विज्ञापित 27 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में से विज्ञापन के क्रमांक-07 में अंकित सेजेस लालपुर शाला को पद सहित विलोपित कर शेष 26 शालाओं के पदों में परिवर्तन करते हुए कुल 73 पदों पर संवर्ग वार भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी। संविदा भर्ती के शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगे। पदवार/ विषयवार/ संवर्गवार जानकारी जिले के वेबसाईट **https://raipur.gov.in/** पर देखी जा सकती है।

संविदा भर्ती चयन प्रक्रिया की कण्डिका क्रमांक-07 अनुसार- अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए ही आवेदन कर सकेंगे का लेख है। एक से अधिक पदो पर दस्तावेज सत्यापन में नाम होने पर आवेदक केवल एक ही पद के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र माना जावेगा।

**संलग्नः- संविदा भर्ती हेतु समय-सारणी**

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

G-252602662/1

## पेज एक के शेष

### कर्नाटक में एक...

(मशीन रीडेबल) डेटा इसलिए उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा न जा सके। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम ने बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के डेटा का विश्लेषण किया और फिर गड़बड़ी का पता किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई जबकि यह सीट भाजपा ने 32,707 मतों के अंतर से जीती। उन्होंने कहा, ''महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की जांच की, जहां 1,00,250 वोट चोरी किये गए। 11,965 डुप्लीकेट वोटर बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ 10,452 वोटरों को एक ही पते पर पंजीकृत किया गया , 4,132 वोटर फर्जी फोटो के साथ सूची में जोड़े गए। 33,692 नए वोटर फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए।'' उन्होंने उदाहरण दिया कि आदित्य श्रीवास्तव नामक एक मतदाता का चार स्थानों पर वोट है।

**राहुल का दावा, एक लाख वोट चोरी** : लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में 1,00,250 मतों की ''वोट चोरी'' हुई है, जिसमें एक विधानसभा क्षेत्र में 11,965 डुप्लीकेट मतदाता हैं। 40,009 मतदाता फर्जी और अवैध पते वाले हैं, 10,452 मतदाता सामूहिक या एक जैसे पते वाले हैं। 4,132 मतदाता अवैध फोटो वाले हैं। 33,692 मतदाता नए मतदाताओं के फार्म 6 का दुरुपयोग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यहां बताया कि कर्नाटक के सीईओ को आज शाम तक गांधी से हस्ताक्षरित घोषणापत्र मिलने की उम्मीद है। **महाराष्ट्र में बढ़ गए एक करोड़ मतदाता** : राहुल गांधी ने कहा, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ मतदाता बढ़ गए। हम निर्वाचन आयोग के पास गए...हमने पूरी निश्चितता के साथ यह कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई। उनके अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 'मशीन से पढ़ने योग्य' (मशीन रीडबल) मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने कहा,पहले हमारे पास इसका सबूत नहीं था कि भाजपा के साथ मिलकर धांधली की जा रही है...इसके बाद हमने इसका पता लगाने का फैसला किया। उन्होंने दावा किया, नरेन्द्र मोदी 25 लोकसभा सीटों के कारण प्रधानमंत्री बने हैं। चुनाव आयोग हमें डेटा इसलिए नहीं दे रहा, क्योंकि उनको डर है कि हमने जो महादेवपुरा में किया, वही बाकी लोकसभा सीट में कर देंगे तो देश के लोकतंत्र की सच्चाई बाहर आ जाएगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। उनका कहना था, यहां तो अम्पायर (चुनाव आयोग) ही दूसरी टीम का है, इसलिए आप कुछ भी कर लीजिए, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### कोर्ट ने कहा- न्यायमूर्ति वर्मा...

न्यायाधीश वर्मा के लिए एक बड़ा झटका है, जो दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास के भंडार गृह में आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में अधजली नकदी बरामद होने के बाद से विवादों के केंद्र में हैं। न्यायमूर्ति वर्मा ने आठ मई की उस सिफारिश को रद्द करने का भी अनुरोध किया था, जिसमें भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने संसद से उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया था।

# 'भारत भी अमेरिका पर लगाए 50% टैरिफ कोई देश हमें ऐसे नहीं धमका सकता'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने बताया अन्याय

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने अन्याय बताया है। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि क्योंकि हम रूस से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, नेचुरअल गैस और ऑयल खरीद रहे हैं, इसलिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। उन्होंने कहा कि चीन हमसे दोगुना तेल खरीद रहा है लेकिन फिर भी उनको दोगुना समय दिया गया है। वॉशिंगटन से इसमें कोई दूसरा इशारा है, दूसरा कोई संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारी सरकार को समझकर जवाब देना चाहिए।अगर वो लोग ऐसे करेंगे तो हमें भी अमेरिकन एक्सपोर्ट पर 50% टैरिफ लगाना चाहिए। ये नहीं है कि कोई भी किसी भी देश में बैठकर हमको ऐसे धमकी दे सके। थरूर ने कहा कि अमेरिकी सामानों पर हमारा औसत टैरिफ 17% है। हमें 17% पर ही क्यों रुकना चाहिए? हमें इसे 50% तक भी बढ़ाना चाहिए।

## मायावती ने बताया 'विश्वासघात'

बसपा अध्यक्ष मायावती ने अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की आलोचना की और इस कदम को एक मित्र राष्ट्र के साथ 'विश्वासघात बताया। मायावती ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अमेरिका के इस फैसले को 'अन्यायपूर्ण, अनुचित और तर्कहीन' बताया है लेकिन देश के लोग इसे 'डोनाल्ड ट्रंप के मित्र राष्ट्र द्वारा किया गया विश्वासघात' मानते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ब्रिक्स देश ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50% का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है।'

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 7 हेतु दिनांक 28.08.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 229 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या-24-3054** | 133.50 |
| 2 | 230 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या-24-3054** | 157.95 |
| 3 | 231 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक-1 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या - 24-3054** | 100.07 |
| 4 | 232 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक-2 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा । मद संख्या - 24-3054** | 164.68 |
| 5 | 233 | चांपा एवं जांजगीर उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या-24-3054** | 96.33 |
| 6 | 234 | जांजगीर उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या-24-3054** | 195.41 |
| 7 | 235 | पामगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच। रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा । मद संख्या-24-3054** | 183.50 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

G-252602675/3

## संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट/दुकान | क्र. | आबंटी का नाम | भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट/दुकान |
|---|---|---|---|---|---|
| | दीनदयाल आवास योजना धनसुली, रायपुर | | | अटल आवास योजना धनसुली, रायपुर | |
| 1 | श्रीमती ज्योति एक्का पति श्री राजेश एक्का | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-76 | 9 | श्रीमती लक्ष्मी वर्मा पति स्व. रामदुलार वर्मा | अटल आवास-151 |
| 2 | श्रीमती सारिका पति स्व. ब्यासनारायण | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-51 | 10 | हसीना बेगम पति स्व. अली बक्स | अटल आवास-234 |
| 3 | श्रीमती भारती दुबे पति श्री रविप्रकाश दुबे | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-241 | | दीनदयाल आवास योजना मुनगी, रायपुर | |
| 4 | श्रीमती राजेश्वरी साहू पति श्री संतोष साहू | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-485 | 11 | सुश्री ममता सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री चुम्मन सिंह ठाकुर | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-98 |
| 5 | श्रीमती उषा सरोज पति स्व. श्री नीलेश सरोज | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-540 | | सामान्य आवास योजना दोंदेखुर्द, रायपुर | |
| 6 | श्री रामशेखर साहू पिता बालमुकुन्द साहू | एल.आई.जी. भवन क्रमांक-98 | 12 | श्री महेन्द्र कुमार जांगड़े पिता स्व. श्री संतराम जांगड़े | जनता भवन क्रमांक-01 |
| | सामान्य आवास योजना शंकर नगर, रायपुर | | | | |
| 7 | श्रीमती शुभ्रा बर्धन पति स्व. शिवब्रत बर्धन | एल.आई.जी. -23 सेक्टर-02, शंकरनगर | | | |
| 8 | 1. श्री राजेश बागड़ी 2. श्री बृजेश बागड़ी 3. श्रीमती पुष्पा बागड़ी पिता/पति स्व. गोपीचंद बागड़ी | एम.आई.जी. भवन क्रमांक-22, सेक्टर-02, शंकर नगर | | | |

S-44829/1 **संपदा अधिकारी**

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract | Bid submission due date |
|---|---|---|---|
| 25/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No. 173286 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | PROVIDING AND FIXING ELECTRIFICATION IN MULTIPURPOSE HALL UNDER INFRASTRUCTURE PROJECTS SANCTIONED UNDER KHELO INDIA SCHEME AT TILDA NEORA BLOCK- TILDA DISTT- RAIPUR (C.G.) | Rs 65.11 Lacs | 27-08-2025 |
| 26/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No. 173349 Registered contractor class in "D" & above For Form "A"(Percentage Rate Tender) | PROVIDING RENOVATION ELECTRIFICATION WORK TO INDOOR STADIUM AT KHURSIPAR BHILAI DISTT- DURG (C.G.) | Rs 13.49 Lacs | 27-08-2025 |
| 14/SE E/M/2025 (IICall) System No. 173366 Tender Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | SCHEDULE FOR ALL ELECTRIFICATION WORK (AIR CONDITIONING,SOUND SYSTEM, CCTV,FIRE ALARM,FIRE FIGHTING PUMP,STAGE LIGHTING, S/F OF DG SET ETC. & ALL OTHER RELATED ELECTRICAL WORK) OF 450 & 1380 SEATER AUDITORIUM AT PT. JNM MEDICAL COLLEGE RAIPUR (C.G.) | Rs 34.06 Lacs | 21-08-2025 |

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

G-252602658/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, संभाग- महासमुन्द (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

**क्रमांक - 4587/ एन.आई.टी. क्र.-5/2025-26/ व.ले.लि. महासमुन्द दिनांक 05/08/2025**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 28/08/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का विवरण / No. of Calls | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 5 T0043 | शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुन्द में अतिरिक्त शौचालय निर्माण कार्य एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शौचालय का निर्माण कार्य । | 6.57 5000.00 98550.00 |
| 5 T0045 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रमांक- 2 महासमुन्द अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री का प्रदाय कार्य । | 5.00 5000.00 75000.00 |
| 5 T0046 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री का प्रदाय कार्य । | 5.00 5000.00 75000.00 |
| 5 T0047 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री का प्रदाय कार्य । | 5.00 5000.00 75000.00 |
| 5 T0048 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रमांक-1 महासमुन्द अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री का प्रदाय कार्य । | 10.00 7500.00 150000.00 |

**टीप :-** (1) उपरोक्त निविदाओं में निविदा क्रमांक T0043 में निविदा प्रपत्र Form - A में तथा निविदा क्रमांक T0045 से T0048 तक निविदा प्रपत्र Form-E है । निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750/- है ।
(2) उपरोक्त निविदाओं में निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत "द" से "अ" तक है।
(3) उपरोक्त निविदाओं में निविदा क्रमांक T0043 में कार्य की अवधि 03 माह तथा निविदा क्रमांक T0045 से T0048 में कार्य की अवधि दिनांक 28/02/2026 तक निर्धारित है ।

निविदा संबंधी शर्तें एवं विशेष शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.)**
**संभाग महासमुन्द (छ.ग.)**

G-252602657/5

## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5952



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5


**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 5951 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख़ | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 5962

★★★ मध्यम



सूडोकु नवताल - 5961 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# रक्षाबंधन पर सुमीत बाजार में खास ऑफर्स की बहार, '79 ऑफर' बना ग्राहकों की पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन, तीज और स्वतंत्रता दिवस जैसे खास पर्वों को देखते हुए छत्तीसगढ़ की प्रमुख रिटेल चेन सुमीत बाजार ने ग्राहकों के लिए एक खास तोहफा पेश किया है। सुमीत बाजार की फेस्टिवल सेल की शुरुआत हो चुकी है, जो 15 अगस्त तक चलेगी। इस सेल में हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षक छूट और ऑफर्स की भरमार है।

इस बार की सेल में सबसे ज्यादा चर्चा '79 ऑफर' की हो रही है। इसके तहत ग्राहक 79, 179, 279, 379, 479 और 579 रु में ढेरों बेहतरीन प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। यह ऑफर सभी सुमीत बाजार स्टोर्स पर लागू है और ग्राहकों को भारी संख्या में आकर्षित कर रहा है।

**ऑफर 15 अगस्त तक चलेगा**

**सेल में हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षक छूट**

### हर किसी के लिए कुछ खास

फेस्टिवल सीजन को ध्यान में रखते हुए स्टोर्स में साड़ी, कुर्ती, टीशर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स से लेकर सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट, गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स तक की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिसमें शादी और त्योहारों के लिए एथनिक वियर की भी नई वैराइटी है।



### एक ही छत के नीचे संपूर्ण खरीदी

सुमीत बाजार के संचालक संयम कांकरिया का कहना है कि ग्राहक यहां अपने बजट और जरूरत के अनुसार फैमिली शॉपिंग एक ही जगह पर कर सकते हैं। त्योहारों की रौनक और फैशन की चमक को देखते हुए ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। तो इस रक्षाबंधन पर प्यार भी बांटिए और तोहफों की मिठास भी, सिर्फ सुमीत बाजार के साथ।

### रक्षाबंधन को ध्यान में रखकर तैयार कलेक्शन

रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक त्योहार के लिए सुमीत बाजार ने भाई-बहनों के रिश्ते की मिठास को और खास बनाने की तैयारी कर ली है। यहां रक्षाबंधन गिफ्ट बॉक्स, महिलाओं के लिए ट्रेंडी कुर्तियां, पुरुषों के लिए सूट और शर्ट्स, और बच्चों के लिए किड्स वियर की शानदार रेंज उपलब्ध है। अगर बहन अपने भाई के लिए शर्ट या सूट खरीदना चाहती हैं या भाई अपनी बहन को साड़ी, कुर्ती या अन्य एथनिक वियर गिफ्ट करना चाहता है, तो सुमीत बाजार में हर बजट के लिए विकल्प मौजूद हैं।

## सोना 3,600 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर पर चांदी 1,500 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 3,600 रुपये उछलकर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे सोने के दाम में तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,600 रुपये उछलकर 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## एलआईसी का शुद्ध लाभ जून तिमाही में पांच फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 10,987 करोड़ रुपये हो गया। सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 10,461 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने कहा कि जून तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,22,864 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2,10,910 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में नई पॉलिसी का प्रीमियम बढ़कर 7,525 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7,470 करोड़ रुपये था।

## जियो 6जी प्रौद्योगिकी के विकास पर कर रही काम

**नई दिल्ली।** डिजिटल सेवा कंपनी जियो 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में सक्रिय रूप से लगी हुई है और कंपनी का लक्ष्य इस क्षेत्र में अगुवा बनने का है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, जियो अब दुनिया का सबसे बड़ा 'डेटा ऑपरेटर' है। भारत में वायरलेस डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''जियो भविष्य की संचार प्रौद्योगिकियों पर काम करना जारी रखे हुए है और 6जी प्रौद्योगिकी पर सक्रिय रूप से शोध एवं विकास कर रही है। इसका लक्ष्य इसके विकास और उपयोग में वैश्विक अगुवा बनना है।'जियो की मूल कंपनी आरआईएल की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट कहती है, ''एक दशक से भी कम समय में जियो ने अपने दृष्टिकोण और...निवेश के साथ देश को डेटा के अभाव से डेटा की प्रचुरता की स्थिति में पहुंचा दिया है।''कंपनी स्थलीय संचार नेटवर्क के निर्माण में जियो की प्रौद्योगिकी क्षमता बढ़ाने के लिए अपना स्वयं का उपग्रह संचार मंच भी बना रही है। साथ ही भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ साझेदारी कर रही है। जियो नेटवर्क पर मार्च 2025 तक लगभग 19.1 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता थे। इनका वायरलेस डेटा ट्रैफिक में लगभग 45 प्रतिशत का योगदान था। कंपनी ने मार्च 2025 तक लगभग 1.8 करोड़ घरों को जोड़ा है और वित्त वर्ष के दौरान उद्योग से जुड़े कुल ग्राहकों में इसकी हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत रही।

# अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को मिला 'सर्वश्रेष्ठ ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी ऑफ द ईयर' अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के सबसे प्रतिष्ठित आभूषण पुरस्कारों में शुमार रिटेल ज्वेलर्स इंडिया अवार्ड्स 2025 का आयोजन हाल ही में मुंबई के होटल सहारा में बड़े ही भव्य और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य भारत के प्रमुख ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को उनकी उत्कृष्ट ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी डिज़ाइनों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाज़ा गया।

1957 से सराफा जगत में उच्चकोटि के आभूषणों के लिए पहचाने जाने वाले इस प्रतिष्ठान के निदेशक सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया की रचनात्मकता, परंपरा और गुणवत्ता को इस अवार्ड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों की समिति द्वारा विभिन्न वैश्विक मानकों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें एसबी-एटी ग्रुप पूरी तरह खरा उतरा। पुरस्कार प्राप्त करने पर सौरभ और सिद्धार्थ बरड़िया ने इसे अपने ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि का परिणाम बताया।



उन्होंने कहा, यह पुरस्कार हमारे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस परंपरा और विरासत का प्रतीक है जिसे स्व. जसराज बरड़िया ने स्थापित किया था। आज हम उसी प्रेरणा से नई पीढ़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं और आगे भी अंतरराष्ट्रीय मंचों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहेंगे।

## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.69 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने - (कुल 50 प्रतिशत करने) की घोषणा के बाद बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया एक सीमित दायरे में स्थिर रहा और डॉलर के मुकाबले केवल तीन पैसे बढ़कर 87.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट ने रुपये को समर्थन दिया। हालांकि, सुस्त घरेलू बाजारों और विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2025/3014/175 — भिलाई दिनांक 05/08/2025

**E-procurement Tender Notice**
**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर चौक, सुपेला चौक, चंद्रा मोर्या चौक, पावरहाउस चौक, खुर्सीपार चौक, छावनी चौक, एवं सूर्या मॉल चौक में मार्गो को Left Free करने का कार्य। | 173181 | 89.86 लाख | 25.08.2025 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जावे। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे आनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
परियोजना

## कार्यालय नगर पंचायत, मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक / 498 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2025-26 — **द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — मारो, दिनांक 07/08/2025

न.पं. मारो में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा (ई-टेंडर) पद्धति स.क्र. 01 पी. डबल्यू.डी. बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01. 2015 स.क्र. 02 ओपन टू ऑल अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S. NO. | S.T. NO. | Name of Work/ Description of Work | Bid Start Date | Bid Due Date | physical submission Tender fees (DD), EMD& Affidavit Due date | Bid Open AFTER Date (Scheduled) | Tender Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173365 | Construction of theatre and building in the premises of Saraswati Shishu Mandir in ward. number 03. Amount 11.00 Lac RS, 2nd Call | 07.08.2025/ 18:30 बजे | 23.08.2025/ 17:30 बजे | 28.08.2025/ 16:00 बजे | 29.08.2025/ 11:00 बजे | "A" |
| 2 | 173381 | Regarding placement of skilled, unskilled and semi-skilled employees through contract system. Amount 19.00 Lac 2nd Call | 07.08.2025/ 18:30 बजे | 23.08.2025/ 17:30 बजे | 28.08.2025/ 16:00 बजे | 29.08.2025/ 11:00 बजे | "A" |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

## झारखंड सरकार, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग

### अधिसूचना

राँची, दिनांक 07/08/2025

संख्या :– 04/बंदो0–45–02/2025–1446/ विभागीय अधिसूचना संख्या–903 दिनांक–21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा बिक्री अधिसूचना की शर्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक की अवधि के लिए झारखंड राज्य के सभी जिलों में "देशी शराब की दुकान" तथा "कम्पोजिट दुकान" की बन्दोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जाएगी:–

I- "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20.08.2025 को 7:00 PM तक **https://exciselottery. jharkhand.gov.in** पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किये जायेंगे।

ii- ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकानों के समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदनशुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगें।

iii. कम्प्यूटर से **Randomization** के द्वारा दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से ई–लॉटरी की प्रक्रिया की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट **https://excise.jharkhand.gov.in** एवं जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट सभी जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (**MGR**) के आधार पर अवरोही क्रम (**descending order**) में सम्पन्न होगी।

v. ई–लॉटरी का परिणाम **https://excise.jharkhand.gov.in** एवं जिला के **NIC** वेबसाईट पर उपलब्ध होगा।

vi. ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ दिनांक 25.08.2025 तक संबंधित जिला उत्पाद कार्यालय में अवश्य जमा करना होगा।

vii. ई–लॉटरी में सफल विजेता को संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक संबंधित जिला उत्पाद कार्यालय में अवश्य जमा करना होगा।

viii. ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण संबंधित जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

ix. ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (**ETD**) की राशि जमा करनी होगी।

2. बिक्री अधिसूचना की शर्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी, आवेदन प्रपत्र, ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट **https://excise.jharkhand.gov.in** एवं **https://exciselottery.jharkhand.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

3. ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु विभागीय स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या– 9430321831 (सामान्य कॉल), 9508065730 (Whatsapp मैसेज) एवं ई–मेल आईडी– **excise.jhr@gmail.com** है। उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी। सभी जिला उत्पाद कार्यालयों के स्तर पर भी एक Helpdesk का गठन किया जायेगा, जिसकी विवरणी संबंधित जिला के NIC वेबसाईट तथा उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।

4. खुदरा उत्पाद दुकानों के अनुज्ञप्तियों की बंदोबस्ती हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं ई–लॉटरी की तिथि में परिवर्तन करने का एकाधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

झारखंड राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
आयुक्त उत्पाद,झारखंड, राँची

PR 359086 Excise(25-26).D

# अनंतरा मार्ट की 'दुबई महा धमाका ऑफर' को ग्राहकों का रिस्पॉन्स

**रायपुर।** त्योहारी सीजन की रौनक के बीच सुपरमार्केट चेन अनंतरा मार्ट की ओर से शुरू की गई 'दुबई महा धमाका ऑफर' को ग्राहकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है जो 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक के लिए लागू किया गया है। इस स्कीम के तहत ग्राहक केवल 1799 रु की खरीदारी पर एक कूपन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे दुबई की तीन रातों की यात्रा जीतने का मौका मिलता है। इसके साथ ही कूपन संख्याओं के आधार पर ग्राहकों को कई आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। रायपुर और बेमेतरा में संचालित अनंतरा मार्ट के सभी आउटलेट्स कांदुल बोरियाखुर्द, जोहरी हॉस्पिटल ग्राउंड फ्लोर भाटागांव, शैलेंद्र नगर कटोरा तालाब रोड और रायपुर रोड बेमेतरा पर यह योजना लागू है। इन आउटलेट्स पर उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे ग्रॉसरी, फूड्स, डेली नीड्स आइटम्स, केयर प्रोडक्ट्स, डेकोर, फर्निशिंग और स्टेशनरी आइटम्स सहित अनेक उत्पाद उपलब्ध हैं। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए 'राखी स्पेशल' के तहत अनंतरा मार्ट में मिठाइयों, नमकीन, बिस्किट और कुकीज़ पर विशेष छूट का लाभ ले सकते हैं। अनंतरा मार्ट के डायरेक्टर सुरेंद्र तिवारी और आकाश जैन के अनुसार, अनंतरा मार्ट में सबके लिए सब कुछ है। उपभोक्ता यहां बेफिक्र होकर खरीदारी करते हैं क्योंकि हम गुणवत्ता के साथ कम रेट की गारंटी देते हैं। हम अपने ग्राहकों को हर दिन एमआरपी पर 7% से 70% तक की छूट प्रदान करते हैं।



- **'राखी स्पेशल' के तहत मिठाइयों, नमकीन, बिस्किट और कुकीज पर विशेष छूट**

## बॉश को सीमा शुल्क प्राधिकरण से 140 करोड़ रुपए की मांग

**नई दिल्ली।** बॉश लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे सीमा शुल्क प्राधिकरण से ब्याज सहित 140 करोड़ रुपये से अधिक की मांग मिली है। अलग-अलग शुल्क होने के कारण की गई। एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त (आयात) से ऑक्सीजन सेंसर के वर्गीकरण की व्याख्या के संबंध में एक आदेश मिला है।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद्, जशपुरनगर जिला-जशपुर (छ.ग.)

Phone No. 07763-223344 cmonpjashpur@gmail.com

क्रमांक 386/न.पा.प./2025-26 — -:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::- — जशपुरनगर, दिनांक 7/8/2025

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद जशपुरनगर के निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न कार्य प्रभावी लोक निर्माण विभाग बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं रोड एस.ओ.आर 01.01.2025 से कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से तीन-लिफाफा पद्धति में मुहर बंद निविदा दर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफे में कार्य का नाम, टी.डी.आर./एफ.डी.आर का विवरण एवं दिनांक/राशि लिफाफा के ऊपर अंकित होने पर ही लिफाफा स्वीकार किया जावेगा।

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 28/08/2025 सायं 03:00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि - 28/08/2025 सायं 04:00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (वर्ष ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक-07 शिव प्रधान घर से सुरेन्द्र मिश्रा घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 6.58 | 4950.00 | 750.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड क्रमांक-07 शिव प्रधान घर से सुरेन्द्र मिश्रा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.24 | 3300.00 | 750.00 | 02 माह |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् जशपुरनगर
जिला-जशपुर (छ.ग.)

## :: आम सूचना ::

**संपत्ति- फ्लैट नं. बी-1/202, द्वितीय तल, वी.आई.पी. करिश्मा अपार्टमेंट, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट के सम्बन्ध में।**

सर्व साधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मेरुल फौजदार, पिता स्व. श्री शरद के. फौजदार, पता- बी-2 पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता/संपत्ति स्वामी श्री राकेश कुमार पाण्डेय, पिता स्व श्री एन.आर.सी. पाण्डेय, हाउस.नं.- ऐ- 5 अनुपम नगर, रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व व अधिपत्य का फ्लैट नं. बी- 1/202, द्वितीय तल, वी.आई.पी. करिश्मा अपार्टमेंट, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) को खरीदने का सौदा कर उपरोक्त संपत्ति स्वामी को अग्रिम राशी दे दिया है। अब केवल उक्त संपत्ति के विक्रेय पत्र का पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संपत्ति के स्वत्व, अधिपत्य एवं अंतरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार, बैंक, निगम, आदि किसी को भी यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, या मेरे पक्षकार श्री मेरुल फौजदार, पिता स्व. श्री शरद के. फौजदार, पता-बी-2 पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ.ग.) अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त सम्पति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात की गयी आपत्ति शून्य व नाजायज़ समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी।

अतः सूचना जाने।

दिनांक 07/08/2025
रायपुर (छ.ग.)

हर्ष पुजारा (अधिवक्ता)
अधिवक्तागण- शीलेश पटेल, प्रिया जैन, अभिषेक टंडन,
आदित्य श्रीवास्तव एंड एसोसिएट्स
पता- मदर टेरेसा स्कूल के पास, कटोरा तालाब,
सिविल लाइन्स, रायपुर (छ.ग.) मो. 8319020108

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

#### टीचर

**आवश्यकता है-** Pratap Public Higher Secondary School (English Medium) Kailash Nagar Birgoan Required all subject Teacher to teach for High & Higher Classes. Contact:- 7974177186, 8962181101.(RO-365)

#### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114.(RO-6764)

#### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलु/ऑफिस कार्य हेतु कार चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है शांति नगर के आसपास के रहवासी को प्राथमिकता वेतन 10000/- से 13500/- बाहर वाले को रहने की सुविधा DRIVING LICENSE 2021 से पहले का हो कार्य समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपर्क श्री मेडिकल एजेंसी 28 पुराना मेडिकल काम्पलेक्स मों.- 9300227050.(RO-6763)

**आवश्यकता है-** शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस बॉय/ऑफिस गर्ल/ गार्ड की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9893132000 / 8878228031.(RO-363)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन+ ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना मो. 9039470547, 88155 22974 (RO-6761)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.-794)

#### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** बेबी केयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लड़की/ महिला एवं पुरुष केयर टेकर की तुरन्त आवश्यकता है वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क करें- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521.(RO-38414)

#### सुरक्षागार्ड/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** मंदिर हसौद, रायपुर के ग्राम कूटेसर में सब्जी बाड़ी+सुरक्षा गार्ड कार्य हेतु छोटा परिवार और कार ड्राइवर। रहने, खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध। वेतन 10000+योग्यतानुसार । 9300049800.(RO-201)

#### ऑफिस/ड्रायवर कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवकों की पद 150, वेतन 10000 एवं ड्राइवर भी चाहिए पद 10 वेतन 15000 उम्र 20 से 30वर्ष अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 9870589898, 9302708426, 8448107841.(RO-38413)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Reliance jio 5-G कंपनी घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification,Call/ WhatsApp करें- 6200736250. (RO-1082)

### For Rent किराया

#### हॉस्टल/पी जी

**उपलब्ध है-** भटगांव बस स्टैंड ISBT के समीप लड़कियों/ महिलाओं हेतु सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल/ पीजी बेड मात्र 2700 प्रतिमाह एवं 300 प्रतिदिन में उपलब्ध DRD लेडीज हॉस्टल संपर्क -I-1, साईं विला भाटागांव 9827898889.(RO-6765)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुद्रा लोन योजना अंतर्गत सभी प्रकार लोन आसान किस्तों पर प्राप्त करे घर बैठे 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट महिलाओं और किसानों को विशेष छूट हेल्प लाइन 8127684826, हेड ऑफिस 9889062539. (RO-203)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि क्लासीफाईड




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



## नेशनल बैंक टेनिस : एमबोको ने तीन सेटों में रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से दी मात

# 18 साल की विक्टोरिया एमबोको पहुंचीं फाइनल में, शीर्ष वरीय रिबाकिना को हराकर चौंकाया

एजेंसी मांट्रियल

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया।



### एमबोको को अपने पहले डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश

एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच, जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।



### खचानोव ने ज्वेरेव को हराया

पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।

### ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी



चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

## डब्ल्यूएफआई ने 11 पहलवानों को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐसे 110 दस्तावेजों का सत्यापन किया और कहा कि उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई है क्योंकि 95 विलंबित पंजीकरण केवल एसडीएम के आदेश पर किए गए थे। अधिक उम्र के पहलवान कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और कई पहलवान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अपने निवास स्थान से अलग राज्य का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ मामलों में प्रमाण पत्र बच्चे के जन्म के 12 से 15 साल बाद भी जारी किए गए हैं। गड़बड़ी की आशंका के चलते डब्ल्यूएफआई ने नगर निगम को सत्यापन के लिए प्रमाण पत्रों की एक सूची प्रदान की थी। सत्यापन के बाद एमसीडी ने डब्ल्यूएफआई को जवाब दिया कि उसने जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं लेकिन यह भी कहा कि विलंबित पंजीकरण (जन्म के एक वर्ष बाद पंजीकरण) सीधे तौर पर उसके द्वारा नहीं बल्कि एसडीएम के आदेश पर किया गया है।

## राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी : छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जीते



**काकीनाडा (आंध्रप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र ने जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने मैच जीते जबकि पंजाब ने चंडीगढ़ से डिविजन ए लीग मैच में ड्रॉ खेला। छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 6-1 से मात दी जबकि महाराष्ट्र ने आंध्र प्रदेश को 5-1 से हराया। पंजाब ने चंडीगढ़ को करीबी मुकाबले में ड्रॉ पर रोका। वहीं उत्तर प्रदेश और बंगाल का मैच भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

## आईएसएल को लेकर संशय, एआईएफएफ ने रखा सितंबर में सुपर कप का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराने की पेशकश की ताकि आईएसएल क्लबों को पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच मिल सकें हालांकि इस शीर्ष लीग के प्रारुप और शुरुआत की तिथि को लेकर संशय बना हुआ है। एआईएफएफ ने इंडियन सुपर लीग क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। क्लबों ने लीग के आयोजकों और राष्ट्रीय महासंघ के बीच 'मास्टर्स राइट्स एग्रीमेंट '(एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण आईएसएल का आगामी सत्र रोके जाने को लेकर चिंता जताई थी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना**

क्रमांक/1021/लो.क.वि./निविदा आमंत्रण / 2025 कुम्हारी, दिनांक 07/08/2025

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्यो हेतु एकीकृत पंजीयक ठेकेदारों से निविदा फार्म A में एस.ओ.आर लोक निर्माण विभाग प्रचलित दर अनुसूची 01.01.2015 भवन एवं संड़क 01.01.2025 एस. ओ. आर. के आधार में कम या अधिक दर पर केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है ।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 19/08/2025 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 21/08/2025 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 28/08/2025 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 29/08/2025 प्रातः 11.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न कार्य (कुल 9 कार्य) | 42.90 |

**नियम एवं शर्ते :-** उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**


## जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज

# टेलर की साढ़े तीन साल बाद वापसी, एंडरसन को छोड़ा पीछे

एजेंसी बुलावायो (जिम्बाब्वे)



जिम्बाब्वे और न्यूजीलड के बीच दो मैचा का टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुलावायों में खेला जा रहा है। इस मैच में ब्रेंडन टेलर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। ब्रेंडन टेलर ने साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। जिम्बाब्वे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टेलर ने 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले सभी क्रिकेटरों में सबसे लंबे टेस्ट करियर (21 साल 93 दिन) के मामले में इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा।

ब्रेंडन टेलर ने दावा किया कि उन्होंने पैसे तो लिए लेकिन कभी कोई मैच फिक्स नहीं किया। उन्हें स्टिमुलेंट बेंजॉयलकोग्नाइन के पॉजिटिव नतीजे के कारण डोपिंग उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में जुड़ा एक और अध्याय, वेलाम्मल विद्यालय ने जीता गोल्ड

## अमेरिका के वर्जीनिया में हुई विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप

एजेंसी नई दिल्ली

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। वेलाम्मल स्कूल की जीत ने शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ा है।



### वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने जीते सभी आठ मैच

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, 'आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में हुई।' उन्होंने कहा, 'एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

### भारत शतरंज के सभी प्रारुपों में कर रहा सफलता हासिल

फिडे ने कहा, 'भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारुपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।' उन्होंने कहा, 'वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं। इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'

**वेलाम्मल स्कूल ने दिए कई ग्रैंडमास्टर**

वेलाम्मल स्कूल ने 2005 के बाद से कई ग्रैंडमास्टर दिए हैं, जिनमें एसपी सेतुरमन, मेंडोंका, के. प्रियदर्शन, बी. अधिबान, विष्णु प्रसन्ना, विशाख एनआर, विग्नेश एनआर, एम. कार्तिकेयन, सी. अरविंद, कार्तिक वेंकटरमन, वी. प्रणव, एस. भरत, अर्जुन कल्याण, पी. कार्तिकियन और एन. श्रीनाथ शामिल हैं।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- / NPP/2025/4290 Dhamtari Dated:30/07/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 172963 | Construction of Auditorium Co-Commercial Complex in Dhamtari | 693.89 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** Date 04.08.2025 Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 28.08.2025 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

**COMMISSIONER**
**Nagar Palik Nigam Dhamtari**
**Dist. Dhamtari (C.G.)**


## चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट एरिगेसी जीते, निहाल पहले दौर में हारे

**चेन्नई।** अर्जुन एरिगेसी ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अमेरिका के अवंडर लियांग को हराया जबकि निहाल सरीन जर्मनी के विंसेंट केमेर से हार गए। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी ने एक करोड़ ईनामी राशि के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के पहले दौर में पूरे अंक हासिल किए। चेन्नई के ग्रैंडमास्टस प्रणव वी. और कार्तिकियन मुरली के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी अनीश गिरि और अमेरिका के रे रॉबसन ने भी ड्रॉ खेला। भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को डच खिलाड़ी जोर्डेन वान फोरीस्ट ने ड्रॉ पर रोका।



# नार्थ जोन की कमान संभालेंगे गिल टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में

एजेंसी नई दिल्ली

इंग्लैंड में अपने प्रभावशाली टेस्ट कप्तानी डेब्यू के बाद अब शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी 2025 में नॉर्थ जोन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने जा रहा है और गिल को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान बनाने का ऐलान किया गया है। गिल ने पिछली बार भी दलीप ट्रॉफी में कप्तानी की थी। तब उन्हें सिर्फ 1 मैच के लिए इंडिया ए की कमाल संभाली थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए सभी को प्रभावित किया। इस सीरीज में उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल रहे।

### नॉर्थ जोन का स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर).

**स्टैंडबायः** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा.


**कार्यालय नगर पंचायत, भटगॉव जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 904/न.पं. / 2025-26 भटगांव दिनांक 06/08/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) एवं 05 वर्ष हेतु संचालन एवं संधारण सहित। | 187.49 | 01.09.2025 |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत भटगांव जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**



**भारतीय डाक विभाग**
**कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर 492009**

**WALK IN INTERVIEW**

1. प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा डाक जीवन बीमा/ ग्रामीण डाक जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए ऊर्जावान एवं उत्साही एजेंट्स की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार रायपुर, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाज़ार, गरियाबंद एवं सराईपाली में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार दिए गए दिनांक में निम्नलिखित में से किसी एक स्थान पर समय 12.00 बजे उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं -

| क्र. | साक्षात्कार दिनांक | साक्षात्कार स्थल |
|---|---|---|
| 1. | 11.08.2025 | कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर, प्रथम तल रायपुर गंज उपडाकघर भवन रायपुर छ.ग.492009 |
| 2. | 12.08.2025 | कार्यालय उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर उपसंभाग बलौदाबाज़ार 493332 (बलौदाबाज़ार उपडाकघर परिसर) |
| 3. | 13.08.2025 | कार्यालय उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर उपसंभाग महासमुंद 493445 (महासमुंद उपडाकघर परिसर) |
| 4. | 14.08.2025 | कार्यालय उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर उपसंभाग धमतरी 493773 (धमतरी उपडाकघर परिसर) |
| 5. | 18.08.2025 | कार्यालय उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर उपसंभाग सराईपाली 493558 (सराईपाली उपडाकघर परिसर) |
| 6. | 20.08.2025 | कार्यालय उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर उपसंभाग गरियाबंद 493889 (गरियाबंद उपडाकघर परिसर) |

2. इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा, 01 पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की प्रतिलिपि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाणपत्र यदि हो तो, के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।
3. पात्रता की शर्तें - (1) योग्यता - अभ्यर्थी को 10वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। (2) आयु - 18 वर्ष या अधिक (3) श्रेणी - बेरोजगार/ स्वरोज़गार यूथ, भूतपूर्व शासकीय सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मंडल कार्यकर्ता, सेवानिवृत शिक्षक, स्वसहायता समूह, ग्राम पंचायत के सदस्य या कोई भी योग्य व्यक्ति जो इस प्रकार की योग्यता रखता हो। (4) वांछित - बीमा उत्पाद को बेचने का अनुभव, कंप्यूटर का ज्ञान एवं स्थानीय क्षेत्र की जानकारी।

**प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग, रायपुर 492009**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**
Email ID: durgmc2019@gmail.com Phone :- 0788-2322148

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

क्रमांक/442/लो.क.वि./2025 दिनांक 04/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नॉन एस.ओ.आर. दर पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | Renewal Work of Bituminous Road at 03 Chandi mandir to Naya Talab to Rajiv Nagar Durg (C.G.) System No. 173183,Dtd:04.08.2025 | रू. 49.68 | 04.08.2025 से 25.08.2025 खोलने की तिथि 28.08.2025 |
| 2. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 15 karhidih nallah to Apparoch Road Durg (C.G.) System No. 173186, Dtd:04.08.2025 | रू. 30.54 | |
| 3. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 17 Shakti Nagar Talab all four side Durg (C.G.) System No. 173187, Dtd:04.08.2025 | रू. 49.61 | |
| 4. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 18 Manas Manch to Durga Manch Durg (C.G.) System No. 173193, Dtd:04.08.2025 | रू. 31.23 | |
| 5. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 29, Hospital ward Bus Stand, Durg (C.G.) System No. 173202, Dtd:04.08.2025 | रू. 91.12 | |
| 6. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 53 New Adarsh Nagar Street Durg (C.G.) System No. 173207, Dtd:04.08.2025 | रू. 38.94 | |
| 7. | Renewal Work of Bituminous Road at AT Ward 56 Baghera Near Alok Sahu House Durg (C.G.) System No. 173211, Dtd:04.08.2025 | रू. 11.65 | |
| 8. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 60 A) street no 1 pushpak nagar, B) amrit garden to service line vidyavihar C) toward mahanadi complex Road Durg (C.G.) System No. 173217, Dtd:04.08.2025 | रू. 41.31 | |
| 9. | Renewal Work of Bituminous Road at Ward 30 Patel Chowk Petrol Pump to Jyoti Optical, Durg (C.G.) System No. 173222, Dtd:04.08.2025 | रू. 20.35 | |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**



**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग )**
पता - पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com

क्रमांक/2043/ लो.नि.वि./ आ.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 06/08/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत कुरूद हेतु स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) लागत राशि 217.02 लाख रू. टेण्डर सिस्टम नंबर 172035 हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । जिसमें Bid Due Date 28.08.2025 सायं 5.30 बजे एवं Physical Doc Submission End Date 29.08.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद ,जिला - धमतरी (छ.ग.)**


## अंडर-17 : उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बिश्केक में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी में उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगी। प्रतियोगिता के लिए ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। ड्रॉ में 27 टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया। तीन ग्रुप में चार टीम जबकि पांच ग्रुप में तीन टीम को जगह मिली। क्वालीफायर एकल राउंड रोबिन लीग प्रारुप में 13 से 17 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। भारत 13 अक्टूबर को किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा। आठ ग्रुप विजेता सात ग्रुप विजेता फाइनल्स के 10वें सत्र में जगह बनाएंगे जहां वे फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 के चार एएफसी प्रतिनिधियों से जुड़ेंगे, जिन्होंने स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। ये देश उत्तर कोरिया, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन हैं।


**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORK DIVISION, SANGAMNER**
**E-TENDER NOTICE NO.15 FOR 2024-2025**

E-Tenders in **B-1 Form** for the following works invited by Executive Engineer Public Works Division, Sangamner Phone No. (02425-225335) From **Registered Contractors** in appropriate only Class with Government of Maharashtra, Public Works Department Details information regarding Tender is available on following web site.

| Work No. | Name of Work | Estimated Cost put to tender | Earnest Money | Cost of Tender Form | Registr- ation class of contractor | Time stipulated for completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Construction Of Bridge On Paithan Shelad Road Tal.Akole Dist.Ahilyanagar** | 48178389 | 241000 | 2360 | Capable and Eligible Registered or Unregistered Contractor | 18 Months (Including mansoon) |

**TENDER SCHEDULE**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Downloading | :- | **Date 11.08.2025 to 198.08.2025** |
| 2 | Date of Pre-bid meeting | :- | **Dt.13.08.2025** In the Office of the Chief Engineer P.W.Region, Nashik At. 12.00 AM or as Possible |
| 3 | Envelope Opening | :- | **Date:- 20.08.2025** In the Office of the **Superintending Engineer P.W.Circle Ahilyanagar At. 11.00 AM or as Possible** |
| 4 | Date of Submistion for Sealed Envolope of Hard Copy of E- Tender Document | :- | In the office of the Executive Engineer Public Works Division Sangamner on or before **Date 20.08.2025 up to 17.00 hrs**, |

**सविस्तर निविदा सुचना व निविदेबाबतची इतर माहिती खालील संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.**
**The Details of works Provided in the websites as below.**
1. **www.mahapwd.com** 2. **https://mahatenders.gov.in**
2. There is a provision of "POST QUALIFICATION CRITERIA" for works.

**DGIPR 2025-26/2023**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**Public Work Division, Sangamenr**



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
**शाखाः सिंधिया नगर शाखा, राजनांदगांव शाखा (छ.ग.)**

**परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्युर्टी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिंधिया नगर शाखा, राजनांदगांव शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है ।

विशेष रुप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें । निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी ।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है ।

| अ. उधारकर्ता का नाम<br>ब. शाखा का नाम | संपत्तियों का विवरण | 1. मांग सूचना की तिथि<br>2. मांग सूचना राशि रु<br>3. कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणी- काया भट्टाचार्य, स्वर्गीय सोमनाथ भट्टाचार्य एवं स्व. सोमनाथ भट्टाचार्य** के अन्य कानूनी उत्तराधिकारी<br>**शाखाः सिंधिया नगर, दुर्ग (छ.ग.)** | **स्व. सोमनाथ भट्टाचार्य** के स्वामित्व में हर्षिल बिल्डर्स, नरसिंह विहार, काटुलबोड़, छठवी मंजिल, क्षेत्रफल 825 वर्ग फुट में स्थित फ्लैट नं. 604-सी ।<br>**बंधक संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर-** लॉबी, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** फ्लैट नं. सी-603, **पश्चिम-** सड़क । | 30/05/2025<br>₹ 17,48,727.34 + 30.04.2025 से ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क<br>06/08/2025 |
| **ऋणी- मुकेश बाम्बोड़े पुत्र बुद्धजी बाम्बोड़े**, वार्ड 16, तुलसीपुर, जी.ई. रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)- 491441.<br>**शकुन बम्बोड़े पत्नी मुकेश बम्बोड़े**, तुलसीपुर, वार्ड 16, राजनांदगांव (छ.ग.) **शाखाः राजनांदगांव (छ.ग.)** | **मुकेश बाम्बोड़े** के स्वामित्व में खंडेलवाल हाउसिंग कॉलोनी, ममता नगर, वार्ड नं. 19, राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल **2000** वर्ग फुट में व्यपवर्तित एवं विकसित खुली भूमि सहित आवासीय भवन का ईएम ।<br>**बंधक संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर-** पुनाराम देवांगन का मकान, **दक्षिण-** रोड, **पूर्व-** देवांगन का मकान, **पश्चिम-** लीला चंद्राकर का प्लॉट । | 02/05/2025<br>₹ 53,48,119.74 अतिरिक्त ब्याज व शुल्क + कानूनी एवं अन्य शुल्क<br>02/08/2025 |

दिनांकः 07.08.2025, स्थानः दुर्ग, राजनांदगांव छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया




## खाना बाद में, हुक्का पहले! 70 साल की बुजुर्ग महिला ने बताया देसी फिटनेस का राज


गाजीपुर। गाजीपुर के मरदह गांव में अगर कोई अजब-गजब स्टार है, तो वो हैं 70 साल की सुशीला देवी। पिछले 20 साल से रोजाना 2-3 बार हुक्का पीना उनका रुटीन बन चुका है। जब हम उनके आंगन पहुंचे, तो नजारा वाकई अनोखा था- खाट पर बैठीं सुशीला देवी, सामने दाल-चावल और सब्जी की थाली रखी थी, लेकिन अम्मा का ध्यान सबसे पहले अपने पुराने साथी हुक्का पर था। हमने पूछा- अम्मा, ई हुक्का रोज पीबेला त तबियत खराब नइखे होत? यानी अम्मा आप यह हुक्का रोज पीती हो, तबियत खराब नहीं हो जाएगी? इस पर सुशीला देवी हंसते हुए बोलीं– 'का बताईं बाबू, हुक्का बिना त पेटे ना टिकेला. दिन में दू-तीन बार कश ना लगाईं, त दिमागे भारी लागेला. हुक्का पीके मन हौले हो जाला, पेटो फिट रहेला। बीस बरिस से पी रहल बानी, कवनो दिक्कत नइखे।' इतना कहके अम्मा ने एक लंबा कश लगाया और धुआं हवा में गोल-गोल घूमने लगा। उनका अंदाज देखकर ऐसा लगा जैसे कोई हुक्का की मास्टर क्लास चल रही हो। अम्मा का कहना साफ था कि जब तक वो हुक्का नहीं पी लेती उनका दिमाग भारी लगता है। यहां तक कि उन्होंने तो यह तक दावा कर दिया कि पेट फिट रहता है।

# चांद पर कब्जा करने की रेस...2030 तक चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर बनाएगा नासा

वॉशिंगटन। नासा अगले 10 सालों में चांद पर परमाणु रिएक्टर लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा रूस और चीन भी 2035 तक ऐसा ही करने का लक्ष्य बना रहे हैं। हालांकि, नासा को उम्मीद है कि वह उनसे पहले ही ये काम कर लेंगे। नासा के अंतरिम प्रशासक सीन डफी जल्द ही इसकी घोषणा कर सकते हैं। चांद पर न्यूक्लियर रिएक्टर बनाने की योजनाएं लंबे समय से चल रही हैं। पहले नासा ने चांद पर इस्तेमाल के लिए 40 किलोवॉट के रिएक्टर पर रिसर्च के लिए पैसे दिए थे, जिसकी लॉन्चिंग का समय 2030 का दशक था। लेकिन, डफी के घोषणा करते ही ये साफ हो जाएगा कि अब सिर्फ बैकग्राउंड मिशन नहीं रहा। दरअसल, ट्रंप प्रशासन अंतरिक्ष में इंसानों के जाने को लेकर बहुत ही गंभीर रहा है, भले ही उसने दूसरे साइंस मिशनों के लिए 50% कम बजट दिया हो।

### क्या है इसके पीछे का मक्सद?

इस प्लान को लेकर नासा को निर्देश दिया गया है कि वह 100 किलोवॉट के परमाणु रिएक्टर को 2030 तक लॉन्च करने के लिए कंपनियों से सुझाव मांगे। नासा के ही एक अधिकारी ने कहा कि, यह दौड़ चीन के साथ है जो ना सिर्फ चांद पर, बल्कि मंगल पर भी पहुंचना चाहता है। चीन और रूस ने मिलकर 2035 तक चांद पर एक परमाणु ऊर्जा स्टेशन बनाने का फैसला किया है।



### क्या करेगा परमाणु रिएक्टर?

परमाणु भट्टी चांद पर इंसानों के दोबारा जाने पर उनकी बिजल की जरूरतों को पूरा करेगा। इसके अलावा इस योजना में चांद पर एक बेस बनाना भी शामिल है,जहां से वैज्ञानिक मंगल ग्रह के लिए आगे जा सकते हैं। जो देश पहले वहां पहुंचेगा। वहीं, भविष्य के आने वाले मिशनों में सबसे आगे रहेगा। नासा को दिए गए निर्देश में कहा गया कि जो देश पहले रिएक्टर बनाएगा, वह उस जगह को अपने कब्जे में बता सकता है।




### 2030 में ही क्यों होगा लॉन्च?

साल 2030 को परमाणु रिएक्टर लॉन्च करने के लिए इसलिए चुना गया है, क्योंकि उसी साल चीन पहली बार चंद्रमा पर इंसानों को उतारने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। सीन डफी का एक और बड़ा काम आईएसएस की जगह पर नया स्पेस स्टेशन बनाना है, जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जल्दी काम करने का निर्देश दिया है। चीन एकमात्र दूसरा ऐसा देश है, जिसके पास अपना स्थायी मानवयुक्त स्पेस स्टेशन है जिसका नाम तियांगोंग है।

एनसीईआरटी ने गठित की विशेषज्ञ समिति

# नई किताबों में तोड़मरोड़ कर पेश किया गया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तरफ से गुरुवार को दो महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई। पहली में परिषद द्वारा जारी की गई पहली से आठवीं कक्षा की इतिहास और सामाजिक विज्ञान की किताबों में इतिहास को तोड़- मरोड़कर प्रस्तुत करने के मामले में विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायतों और सुझावों की पड़ताल करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की घोषणा की गई। तो दूसरी जानकारी में परिषद ने मौजूदा शैक्षिणिक सत्र से ही सातवीं और आठवीं की उर्दू की किताब और आठवीं की अंग्रेजी की किताब में देश के महान सैन्य योद्धाओं-अमर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान पर अध्याय (चैप्टर) शामिल करने के बारे में बताया गया।

### जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी समिति

एनसीईआरटी की विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता संभवतः परिषद के पाठ्यक्रम अध्ययन एवं विकास विभाग की प्रमुख प्रोफेसर रंजना अरोड़ा को सौंपी गई है। मामले पर मिले सुझावों और शिकायतों की जांच कर समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिसे बाद में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी सौंपा जा सकता है। दरअसल इस पूरे मामले में एनसीईआरटी ने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) के आधार पर पहली से आठवीं कक्षा तक की नई किताबें जारी की थीं।

### सैम मानेकशॉ, मेजर शर्मा को जानेंगे युवा

वहीं, दूसरी ओर रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र से एनसीईआरटी की सातवीं और आठवीं कक्षा की उर्दू और आठवीं कक्षा की अंग्रेजी की किताब में भारत के जांबाज योद्धाओं और वीर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के जीवन और बलिदान को बतौर पूर्ण अध्याय (चैप्टर) के रूप में समाहित किया गया है। जिससे देश की युवा पीढ़ी को इन महान और देशभक्त सैन्य नायकों के जीवन से साहस और कर्तव्य पालन को लेकर प्रेरणा मिलेगी।

रोचक खबरें

## जलेबी का जादू! इस स्टॉल पर वकील-जज तक लगते हैं लाइन

हैदराबाद। चारमीनार और हैदराबादी बिरयानी की तरह एक और चीज़ है जो इस शहर के स्वाद में मिठास घोलती है। वह है हाईकोर्ट की जलेबी। यह कोई आम जलेबी नहीं है, बल्कि एक ऐसी मिठाई है जिसे सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। इसका अनोखा नाम और लाजवाब स्वाद इसे हैदराबाद के सबसे प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड स्टॉल्स में शामिल करता है। यह जलेबी स्वाद के साथ-साथ अब पहचान भी बन चुकी है। इस जलेबी की शुरुआत जय माजीसा नामक एक छोटे से स्टॉल से हुई थी जो अब हैदराबाद हाईकोर्ट के पास स्थित है। यही कारण है कि इसका नाम हाई कोर्ट जलेबी पड़ गया। इस स्टॉल पर गरमा-गरम कुरकुरी और रसीली जलेबी के अलावा समोसे, कचौड़ी और पानी पूरी जैसे नाश्ते भी मिलते हैं। सुबह से लेकर शाम तक यहां ग्राहकों की लाइन लगी रहती है। खास बात यह है कि यहां के ग्राहक सिर्फ आम लोग नहीं बल्कि वकील, क्लर्क और जज तक शामिल हैं। यह स्टॉल दशकों से चला आ रहा है और इसके साथ जुड़ी यादें भी उतनी ही पुरानी हैं। समय के साथ यह इतना लोकप्रिय हुआ कि अब यह शहर का एक छोटा सा लैंडमार्क बन चुका है। हाईकोर्ट से जुड़े लोग यहां आकर जलेबी खाना अपनी दिनचर्या का हिस्सा मानते हैं। यही कारण है कि यह मिठाई अब सिर्फ स्वाद नहीं बल्कि शहर की संस्कृति का भी हिस्सा बन गई है। इस जलेबी की बनावट बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम होती है। इसमें गुड़ और केसर का हल्का स्वाद घुला होता है जो इसे और खास बनाता है। इसे गर्म तेल में तलकर तुरंत चाशनी में डुबोया जाता है और सीधे ग्राहकों को परोसा जाता है जिससे इसकी ताजगी बनी रहती है। एक प्लेट जलेबी की कीमत 20 से 30 रुपये के बीच होती है लेकिन इसका स्वाद अमूल्य होता है।





# ब्लैक होल ने फिर किया हमला! एक ही तारे को 2 बार बनाया शिकार

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

एक बहुत बड़े ब्लैक होल ने 2 साल के अंतर पर ही एक तारे को दो बार अपना शिकार बना लिया। पहली बार जब वो तारे से टकराया तो तारा बचकर निकल गया था। लेकिन, दूसरी बार वह ब्लैक होल के काफी नजदीक आ गया और बार फिर से ब्लैक होल का शिकार बन गया। अभी तक आप सोचते आ रहे थे कि जो भी चीज ब्लैक होल के अंदर चली जाती है, वह कभी वापस नहीं आती। लेकिन, वैज्ञानिकों ने एक बड़ी है अजीब चीज खोजी है। एक बड़े ब्लैक होल ने एक ही तारे को 2 बार निगल लिया। यह खोज तब हुई जब तेल अवीव विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल से आती एक चमक देखी। यह चमक वैज्ञानिकों को बहुत ही अजीब लगी, क्योंकि दो साल पहले भी उन्होंने इसी जगह पर जिसका नाम एटी 2022डीबीएल है, बिल्कुल ऐसी ही चमक देखी थी।

नजारा देख वैज्ञानिकों में बेचैनी



### पहली बार में क्या हुआ था?

वैज्ञानिकों की जांच में सामने आया कि पहली बार में ये तारा पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था और उसका बड़ा हिस्सा इससे बच गया था। लेकिन, भागने के बजाय वह उसी जगह पर फिर से लौट आया और इस बार पूरी तरह से ब्लैक होल में समा गया।

### कहां होता है ब्लैक होल?

हर आकाशगंगा के बीच बहुत बड़ा ब्लैक होल होता है। हर 10 हजार से 1 लाख साल में कोई तारा इसके पास आ जाता है और इसकी ग्रैविटी उसे अपनी तरफ खींच लेती है। जब ऐसा होता है तब तारे के टुकड़े-टुकड़े हो जाते हैं। इस दौरान तारे से बहुत ज्यादा गर्मी और रोशनी निकलती है, जो कुछ हफ्तों या महीनों तक दिख सकती है। इसी तरह से वैज्ञानिक धरती से किसी तारे को ब्लैक होल में जाते हुए देख सकते हैं।

### क्या हो सकता है तीसरा विस्फोट?

तेल अवीव विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इयर आर्कवी कहते हैं, अब सवाल ये है कि क्या हम फिर से 2026 की शुरुआत में तीसरी चमक को देखेंगे। अगर ऐसा होता है तो इसका मतलब है कि दूसरी चमक भी तारे के पूरी तरह से ना टूटने की वजह से दिखी थी। हालांकि, अगर तीसरी चमक नहीं दिखाई देती है तो इसका मतलब होगा कि तारा पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

## खाने की वजह से महिला को छोड़ना पड़ा अमेरिका, सुनाई ये शॉकिंग स्टोरी

वॉशिंगटन। दुनिया का शायद ही कोई शख्स ऐसा होगा, जिसे अपने वतन को छोड़ना अच्छा लगता हो। हालांकि, कई बार इंसान के पल्ले ऐसी मजबूरी फंस जाती है कि उसे अपना वतन छोड़कर बाहर जाना पड़ता है। कभी कोई नौकरी की वजह से, तो कभी किसी और कारण से लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि किसी इंसान को सिर्फ खाने की वजह से देश छोड़ना पड़े? सुनने में आपको ये बात अजीब थोड़ी जरूर लग सकती है, लेकिन ये कहानी एकदम सच्ची है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की रहने वाली एक महिला बी के साथ ऐसा ही हुआ। उन्हें एक रहस्यमयी एलर्जी थी, जिसकी वजह से उनका शरीर रोज़ नए चकत्तों और गंभीर रिएक्शन से जूझ रहा था. हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्होंने अमेरिका छोड़कर यूरोप में बसने का फैसला किया। बी को मास्ट सेल एक्टिवेशन सिंड्रोम नाम की दुर्लभ बीमारी है। इसमें शरीर की इम्यून सेल्स बिना कारण ही एक्टिव हो जाती है और ज़्यादा मात्रा में केमिकल छोड़ती हैं। जिससे तेज एलर्जी जैसी प्रतिक्रियाएं होती हैं, जैसे खुजली, सूजन, उल्टी, ब्लड प्रेशर गिरना और मानसिक भ्रमजैसी स्थिती पैदा हो जाती है। आलम तो ऐसा है कि बी अगर नॉर्मल चीज गेहूं की ब्रेड और यहां तक कि ताज़ी सबज़ियां खाती है तो उन्हें ये समस्या देखने को बराबर मिलती है। उनके शरीर की हालत ऐसी हो गई है कि वो लगातार एनाफिलैक्सिस और पेट दर्द जैसी परेशानियों से जूझ रही थीं।



# महिला में अचानक खत्म हो गई रोमांस की इच्छा, डॉक्टरों ने किया चौंकाने वाला खुलासा

लंदन। पति-पत्नी हों या बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड, अगर उनके बीच रोमांस जिंदा रहता है तो रिश्तों में भी मजबूती रहती है। हालांकि, एक ब्रिटिश कपल अचानक से परेशान होने लगे जब गर्लफ्रेंड के अंदर से रोमांस की इच्छा पूरी तरह खत्म हो गई। बॉयफ्रेंड भी इस बात से चिंतित होने लगा। इस वजह से उन लोगों ने डॉक्टर से जांच करवाई और तब जाकर चौंकाने वाले कारण का पता चला। 42 साल की ब्रिटिश महिला लिआन जोन्स की ज़िंदगी एक झटके में बदल गई, जब उन्हें अपने अंदर यौन इच्छा की कमी महसूस होने लगी। उनके रोमांटिक ड्राइव में अचानक आई गिरावट का असली कारण पता चला तो वो दंग रह गईं।



कभी अपने पार्टनर एडम (40) के साथ घंटों बेडरूम में समय बिताने वाली लिआन अब बिल्कुल ही इच्छा रहित हो गई थीं और इस बदलाव ने उनके रिश्ते को भी प्रभावित किया। एक समय था जब लिआन खुद को 'बहुत ज्यादा रोमांस की इच्छा रखने वाली' मानती थीं, लेकिन कुछ साल पहले सब कुछ बदल गया।

### रोमांस से हो गई दूरी

कामेच्छा में गिरावट के साथ ही लिआन को अत्यधिक थकान, आंशिक रूप से सुनाई न देना और अन्य शारीरिक परेशानियां भी होने लगीं। तब उन्होंने डॉक्टर से संपर्क किया और जांच के लिए एमआरआई स्कैन करवाया। जांच रिपोर्ट में जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। लिआन को दो बीमारियां थीं- पहली थी मल्टीपल स्क्लेरोसिस।यह बीमारी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। दूसरी बीमारी थी फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर जो मस्तिष्क और शरीर के अन्य अंगों के बीच सिग्नल भेजने और प्राप्त करने की प्रक्रिया को बाधित करती है।

### शाम को क्यों लगता है कि सूरज डूब रहा है?

नई दिल्ली। धरती वेस्ट से ईस्ट की दिशा में घूमती है, इसलिए हर दिन सूरज पश्चिम की ओर डूबता है। यह धरती की गति का परिणाम है। सूरज की रोशनी से ही दिन और रात का अंतर आता है। जब धरती सूर्य की रोशनी से परे होती है, तो रात होती है। सूरज को डूबते हुए देखने का अनुभव क्षितिज के नीचे जाते समय होता है। असल में यह किसी वस्तु के क्षितिज से नीचे जाने की वजह से होता है, न कि सूरज का वास्तविक रूप से डूबना।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com